नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 318 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

पेज -4 पर छत्तीसगढ़ के गौरव हैं डॉ. चरण दास महन्त, सक्ति सहित 3 ...

धरमजयगढ़, बुधवार 13 सितंबर 2023

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करने ... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## आदिवासी विधायक होने के बाद भी आदिवासियों पर हो रहा अत्याचार

### गरीबों पर हो रहे अत्याचार पर क्यों चुप बैठे विधायक लालजीत सिंह राठिया

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ क्षेत्र में विकास के नाम पर खुलकर कंपनी वाले नंगा नाच रहे हैं? और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि चुप चाप बैंठ कर तमाशा देख रहे हैं। क्षेत्रिय विधायक आदिवासी होने के बाद भी क्षेत्र के आदिवासी छले जा रहे हैं।





**धनवादा कंपनी वालों ने रौंद डाला गरीब आदिवासियों की फसलों को**

धरमजयगढ़ क्षेत्र में कई कंपनी इन दिनों काम कर रहे हैं लेकिन कंपनी वालों ने अपनी दादागिरी दिखाते हुए नियम विरूद्ध काम कर रहे हैं। आज हम बात कर रहे हैं धरमजयगढ़ क्षेत्र के भालूपखना गांव का, यहां धनवादा कंपनी द्वारा जल विद्युत परियोजना का काम शुरू किया गया है। कंपनी वोलों द्वारा कई किसानों के जमीन पर जबदस्ती अवैध कब्जाकर मलवा डाल दिया जा रहा है, वहीं कुछ किसानों के खेत में लगे फसला को भी जेसीबी मशीन से चौपट कर दिया जा रहा है और जब जमीन मालिक इसका विरोध करते हैं तो कंपनी के लोगों द्वारा गाली-गलौज करते हुए कहते हैं कि तु क्या कर लेगा बूढ़े तेरे को जो करना है तु कर, हम तो अपना काम करेंगे, अब ये गरीब आदिवासी जिसकी उम्र लगभग 100 साल का बुर्जुग क्या करेंगे, बेचारा चुपचाप अपनी जमीन पर लगे फसल को बर्बाद होता देख आंसू बहा रहे हैं। विडंबना देखिए कि हमारे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला विधायक भी आदिवासी वर्ग के हैं इसके बाद भी क्षेत्र के अदिवासी छले जा रहे हैं, आखिर विधायक को क्या मजबूरी है कि ठगे जा रहे किसानों के साथ खड़े न होकर कंपनी वालों के साथ खड़े हैं।

### गरीब किसान शिकायत करें तो करें किससे

धरमजयगढ़ क्षेत्र में कंपनी वालों द्वारा कई प्रकार की घपला बाजी किया गया है, निर्माण के नाम पर शासन के नियम की धज्जियां भी उड़ाई जा रही है लेकिन जनप्रतिनिधियों से लेकर शासन-प्रशासन तक गरीब आदिवासी का साथ नहीं दे रहे हैं जिसका नतीजा है कि आज क्षेत्र के गरीब आदिवासी किसान छले जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हम किसके पास शिकायत करें हमारे शिकायत पर किसी प्रकार की कोई जांच तक नहीं करते हैं। ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि भी कुछ पैसों के खातिर कंपनी वालों के तलवे चांटने को मजबूर हो जाते हैं? धनवादा कंपनी ने भालूपखना गांव के किसान बिरबल के खेत में लगे धान की फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है, 100 साल का बुजूर्ग का साथ गांव के कोई भी नहीं दिया। जनप्रतिनिधि तो मानों कंपनी के दलाल बनकर काम कर रहे हैं जब हमारे द्वारा सरपंच पति से बात किया गया तो सरपंच पति इस विषय पर कुछ भी बोलने से साफ इंकर कर दिया। इससे तो पता चलता है कि जनप्रतिनिधि गांव वालों के साथ नहीं कंपनी वालों के साथ खड़े है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर



## राज्य में उद्योगों को मिल रहा है एक बेहतर वातावरण: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर में 'कमर्शियल हब', एरोसिटी और 'शहीद स्मारक' की रखी आधारशिला



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा रायपुर अटलनगर के सेक्टर-35 में आयोजित समारोह में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं 'कमर्शियल हब', एरोसिटी और 'शहीद स्मारक' का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन बहुत विशेष है क्योंकि देश के सबसे बड़े थोक व्यवसायिक बाजार का शिलान्यास आज छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में हो रहा है जिससे राज्य के लाखों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले भविष्य को देखते हुए ये भूमिपूजन, शिलान्यास और लोकर्पण किए जा रहे हैं. राज्य के लोगों की हमसे अपेक्षाएं थीं जिसे साकार करने के लिए हमने एक मजबूत कदम आगे बढ़ाया है।

श्री बघेल ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वो लोगों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर वातावरण तैयार कर सके और हमने राज्य के किसानों के लिए ऐसा ही वातावरण तैयार किया है. इसके साथ ही स्कूली शिक्षा में सुधार, छत्तीसगढ़ की संस्कृति व पर्यटन को बढ़ावा देने का वातावरण भी हमने तैयार किया है।

श्री बघेल ने कहा कि हम उद्योग को भी एक वातावरण देने की कोशिश कर रहे हैं जिसके लिए मैने व्यवसायियों से कहा था कि छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति को सबसे बेहतर बनाना है और इस प्रयास से प्रदेश में उद्योगों की संख्या बढ़ी है व लोगों को रोजगार मिला है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों की मांग पर एक बड़ी घोषणा करते हुए नवा रायपुर के कमर्शियल हब में 540 रूपए वर्गफीट में व्यवसायियों को भूखण्ड आवंटित करने की बात कही. उन्होने कहा कि इसकी वजह से कमर्शियल हब के निर्माण में लगने वाली अतिरिक्त राशि की वहन राज्य सरकार करेगी।



## जनसम्पर्क विभाग के 14 अधिकारियों की प्रमोशन लिस्ट जारी

### सहायक संचालकों को उप संचालक के पद पर मिली नई नियुक्ति



रायपुर। छत्तीसगढ़ में जनसम्पर्क विभाग के 14 सहायक संचालकों को उप संचालक के पद पर प्रमोशन मिला है। प्रमोशन के साथ ही कुछ अधिकारियों का ट्रांसफर भी किया गया है। जिसमें श्रुति ठाकुर को जनसम्पर्क संचालनालय से जिला जनसम्पर्क कार्यालय रायपुर में पोस्टिंग दी गई है। वहीं नितिन शर्मा को उप महाप्रबंधक, छग संवाद (प्रतिनियुक्ति पर) अतिरिक्त प्रभार जनसम्पर्क संचालनालय का दिया गया है। लक्ष्मीकांत कोसरिया को मुंगेली से जनसम्पर्क संचालनालय रायपुर भेजा गया है।

## 320 करोड़ से बनाएंगे नया अस्पताल

रायपुर। अंबेडकर अस्पताल बिल्डिंग के पीछे जर्जर हो चुके हॉस्टल भवन को जमींदोज कर वहां 700 बिस्तर का नया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल अब आकार लेगा। इसका ले आउट तैयार करने के साथ ही अस्पताल के किस हिस्से में क्या होगा?



कौन कौन से विभागों को अंबेडकर अस्पताल से यहां शिफ्ट किया जाएगा, इसकी प्लानिंग कर ली गई है। नए अस्पताल भवन में सबसे पहले महिलाओं का गायनी और बच्चों का पीडियाट्रिक विभाग शिफ्ट किया जाएगा। इन विभागों को नए अस्पताल भवन में शिफ्ट किए जाने के बाद अस्पताल में मरीजों को भर्ती करने के लिए पर्याप्त जगह रहेगी।

नए अस्पताल भवन का पूरा ग्राउंड फ्लोर महिला मरीजों के लिए तो प्रथम तल बच्चों के लिए रहेगा। अभी दोनों विभाग अंबेडकर अस्पताल में ग्राउंड फ्लोर पर हैं। यहां कई बार जगह कम पड़ने की वजह से महिला वार्ड में एक-एक बेड पर दो-दो मरीजों को रखकर उनका इलाज किया जाता है। हालांकि यहां महिला मरीजों के लिए ही सबसे ज्यादा 5 वार्ड हैं। इसके बावजूद बिस्तर कम पड़ते हैं। यही स्थिति मेडिसिन वार्ड की रहती है।

मौसम बदलने पर जब-जब वायरल फीवर फैलता है, तब तब मेडिसिन वार्ड में मरीजों के लिए बिस्तर कम पड़ते हैं। यहां जमीन पर गद्दा बिछा कर मरीजों का इलाज किया जाता है। नया अस्पताल भवन बनने से महिला और बच्चों का वार्ड वहां शिफ्ट हो जाएगा। इससे आठ वार्ड और नर्सरी वाला एक वार्ड खाली हो जाएगा। नयी व्यवस्था में मेडिसिन और अन्य विभाग जिसमें बिस्तर कम पड़ते हैं उनके लिए अतिरिक्त वार्ड उपलब्ध रहेंगे।

### चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है

## कांग्रेस लहर में हारने वाले पार्टी प्रत्याशियों को नहीं मिलेगा टिकट, नए चेहरों को देंगे मौका-रविंद्र चौबे



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के टिकट वितरण को लेकर मंत्री रविंद्र चौबे ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि 2018 की कांग्रेस लहर में हारने वालों को टिकट नहीं दिया जाएगा, वहां कांग्रेस युवाओं और महिलाओं को मौका देगी. इसके अलावा कई सिटिंग विधायकों की भी टिकट कटेगी. इस तरह से लगभग 40 सीटों पर कांग्रेस नए चेहरों को टिकट देगी. इस संबंध में वरिष्ठ नेताओं की बैठक में सहमति बन गई है.

भूपेश सरकार में मंत्री रविंद्र चौबे ने मीडिया से चर्चा में कांग्रेस के विभिन्न समितियों के गठन को लेकर कहा कि विधानसभा चुनाव आ गया है. मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अचार संहिता लगेगी. हर राजनीतिक दल लड़ने के लिए अपनी तैयारियां करती है, इस लिहाज से कल हाईकमान ने कांग्रेस की चार प्रमुख समिति बनाई है. इसमें चुनाव अभियान समिति सबसे महत्वपूर्ण है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत जी को जिम्मेदारी दी गई है. चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है, इसमें सबसे महत्वपूर्ण कोर ग्रुप कमेटी है, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी सैलजा करेंगी, जो बहुत प्रभावशाली रहेगा.

वहीं कांग्रेस की पहली सूची पर मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि सूची का पहले आना यह मायने नहीं रखता है. भाजपा की पहली सूची जारी होने के बाद अंतर्द्वंद नजर आ रहा है. प्रभारी के बदलने के कारण इन सभी परिस्थितियों का निर्माण हुआ है।

बसपा और आप ने भी अपनी सूची जारी की है. बीजेपी छत्तीसगढ़ में कुछ नहीं कर पाएगी. कांग्रेस की कमेटी की बैठक हो चुकी है. आवेदनों की शॉर्ट लिस्टिंग कर अंतिम रूप दिया गया है. कुछ सीटों में एक से दो पैनल और अधिकांश सीटों में सिंगल नाम फाइनल है. कमेटी एक बार फिर बैठेगी और फिर लिस्ट फाइनल हो जाएगी.

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा

## यह कांग्रेस की कॉपी है, नहीं मिलेगा इस यात्रा से कोई लाभ

**रायपुर।** बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कांग्रेस की कॉपी बताते हुए कहा कि बीजेपी को इस यात्रा का लाभ नहीं मिलेगा. 15 सालों में आदिवासियों की उपेक्षा हुई. उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि वे झीरम घाटी के दिवंगतों को नमन कर यात्रा का शुभारंभ करें. हमें उम्मीद है हमारे 8 सवालों का जवाब मिलेगा, लेकिन मुझे नहीं लगता गृहमंत्री शाह जवाब देंगे. वे अलग-अलग क्षेत्रों का दौरा कर झूठ परोस रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पीएम मोदी के रायगढ़ दौरे पर कहा कि भाजपा को सत्ता चाहिए. वे 5 सालों में कभी छत्तीसगढ़ नहीं आए. हर एक योजना का पैसा लटकाने का काम किया है. उन्हे सत्ता चाहिए तो छत्तीसगढ़ आ रहे हैं. उन्हें मणिपुर और हरियाणा भी जाना चाहिए, वे वहां जाते तो हालत सुधर जाते।

## परिवर्तन यात्रा में भाजपा नेताओं ने भरी हुंकार




**कहा- भ्रष्ट और निकम्मी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का आ गया वक्त**

**दंतेवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा की दंतेवाड़ा से मंगलवार को शुरुआत हुई. इस दौरान आयोजित आमसभा में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस भ्रष्ट और निकम्मी भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने का वक्त का चुका है. जो गरीबों के 600 करोड़ का चावल खा जाती है. गौठान के नाम पर 1300 करोड़ का भ्रष्टाचार करती है, उस सरकार को बदलने का वक्त आ चुका है. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपके साथ मिलकर बस्तर के सपने को मिलकर साकार करने काम किया था. बस्तर के कुछ मुद्दे थे. नमक बस्तर के स्वाभिमान से जुड़ा विषय है. बस्तर के आदिवासियों को चिरौंजी, गोंद के बदले नमक दिया करते थे, लेकिन हमारी सरकार ने निशुल्क नमक देकर बस्तर के लोगों के स्वाभिमान की बात कही थी. भाजपा सरकार ने गरीबों को एक रुपए किलो चावल दिया. चरण पादुका योजना का जिक्र करते हुए कहा कि भूपेश बघेल ने योजना बंद कर दिया. किसानों को 16 प्रतिशत की दर से 9 प्रतिशत, छह प्रतिशत और बिना ब्याज से सहकारी बैंक से कर्ज देने की शुरुआत भाजपा सरकार ने की. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि पिछले पौने पांच साल से भूपेश बघेल की सरकार चल रही है, यह झूठ की सरकार, लबरा सरकार, छत्तीसगढ़ को लूटने वाली सरकार चल रही है. बड़े-बड़े वादे कर सरकार में आए थे, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया. अब फिर से वादा कर रहे हैं. यह बस्तर की जनता ऐसे धोखा देने वालों की सरकार को उतारना भी जानती है. आज बस्तर का विकास ठप हो गया है. बस्तर के लोगों को केवल लूटने का काम कर रहे हैं. बस्तर में टारगेट किलिंग हो रही है।

### अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा स्थगित

## परिवर्तन यात्रा में शामिल नहीं होंगे गृह मंत्री, कांग्रेस ने कसा तंज

*रायपुर। गृह मंत्री अमित शाह का मंगलवार को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरा स्थगित हो गया है.हालांकि इसकी वजह सामने नहीं आई है. गृह मंत्री का दौरा स्थगित होने पर कांग्रेस की छत्तीसगढ़ इकाई ने तंज कसा है।*



गृह मंत्री , भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने वाले थे. अब बीजेपी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर की मौजूदगी में यात्रा प्रारंभ को जाएगी. गृह मंत्री का दौरा अचानक स्थगित होने पर कांग्रेस की छत्तीसगढ़ इकाई ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा- बड़ी खबर: भाजपा की कथित परिवर्तन यात्रा फ़्लॉप , दंतेवाड़ा में नहीं पहुँची जनता, अमित शाह का दौरा रद्द. बता दें छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (BJP) मंगलवार से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत कर रही है. BJP नेताओं ने मंगलवार को बताया कि यात्रा 87 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगी और इस दौरान पार्टी राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार के कथित भ्रष्टाचार को तथा केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं को जानता के सामने रखेगी. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार दोपहर बाद दंतेवाड़ा (दक्षिण छत्तीसगढ़) में मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे. बाद में शाह वहां एक सभा भी करते.

### 15 सितंबर को जेपी नड्डा का कार्यक्रम

बीजेपी नेताओं ने बताया कि दूसरी परिवर्तन यात्रा को 15 सितंबर को जशपुर (उत्तरी छत्तीसगढ़) में पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा हरी झंडी दिखाएंगे. वहीं बीजेपी नेता अरुण साव ने बताया था कि पहली यात्रा 16 दिन में बस्तर, दुर्ग और रायपुर संभागों में 1,728 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जबकि दूसरी यात्रा 13 दिन में बिलासपुर और सरगुजा संभागों में 1,261 किलोमीटर की दूरी तय करेगी. दोनों यात्राओं के दौरान 84 सार्वजनिक सभायें, 85 स्वागत सभाएं और सात रोड शो होंगे. यात्रा 87 विधानसभा क्षेत्रों (कुल 90 में से) में 2,989 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद बिलासपुर में समाप्त होंगी.


INC Chhattisgarh
@INCChhattisgarh · Follow
बड़ी खबर: भाजपा की कथित "परिवर्तन यात्रा" फ़्लॉप
दंतेवाड़ा में नहीं पहुँची जनता
अमित शाह का दौरा रद्द ❌
Last edited 12:53 PM · Sep 12, 2023

साव ने बताया था कि समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की उम्मीद है.

उन्होंने बताया कि बीजापुर, सुकमा और अंतागढ़ निर्वाचन क्षेत्रों (सभी माओवाद प्रभावित) को यात्रा कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन जब यात्रा आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों से गुजरेगी तो इन निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित लोग यात्रा में शामिल होंगे।

# नजरिया: मितव्ययी नवप्रवर्तक के रूप में भारत के पास बताने के लिए शानदार कहानियां

भारत ने विगत 23 अगस्त को अपने चंद्रयान-3 लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतारने वाले पहले देश के रूप में इतिहास रचा। उसने ऐसा उस लागत पर किया, जो अन्य देशों द्वारा इसी तरह के अभियान पर खर्च की जाने वाली लागत का एक छोटा-सा हिस्सा है। चंद्रयान-3 मिशन की लागत करीब 6.15 अरब रुपये है, जो रूस के चंद्र अभियान या नासा के नियोजित रोवर से काफी कम है या यहां तक कि अंतरिक्ष से संबंधित हॉलीवुड की अधिकांश ब्लॉकबस्टर फिल्मों की लागत से भी काफी कम है- क्रि स्टोफर नोलन द्वारा सह-लिखित, निर्देशित और निर्मित 2014 की एपिक साइंस फिक्शन फिल्म इंटरस्टेलर का बजट 16.5 करोड़ डॉलर था।



वैश्विक अंतरिक्ष समुदाय में भारत के एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के पीछे एक बड़ा कारण कम लागत में प्रभावी अंतरिक्ष अभियान संचालित करने की इसकी उल्लेखनीय क्षमता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की मितव्ययी इंजीनियरिंग का दर्शन दक्षता एवं सरलता पर केंद्रित है। चंद्रमा पर अपनी सफलता के बाद भारत ने विगत दो सितंबर को अपनी पहली सौर वेधशाला भी लॉन्च की, और सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के जरिये आदित्य एल-1 प्रोब को अंतरिक्ष में भेजा। यह सफलता भी बहुत कम बजट में हासिल की गई।

कम लागत में अंतरिक्ष अभियानों को संचालित करने के मामले में भारत की उपलब्धियां निर्विवाद रूप से प्रशंसनीय हैं, लेकिन हमें चुनौतियों को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष अभियानों की होड़ बढ़ रही है और ज्यादा से ज्यादा देश एवं निजी कंपनियां इस मैदान में कूद रही हैं। भारत को इस प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए नवाचार करते रहना चाहिए और मितव्ययी तरीके से अनुकूलन करना चाहिए। इसके लिए, हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि इसरो अपनी शीर्ष प्रतिभा को बनाए रखे और उसके पास अगली पीढ़ी के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को विकसित करने के लिए पर्याप्त संसाधन हों, जैसा कि कई विशेषज्ञ बताते हैं। इसरो को आज जो सफलताएं मिल रही हैं, वे दशकों पहले उच्च शिक्षा के उच्च गुणवत्ता वाले संस्थानों में किए गए निवेश का परिणाम हैं। जब हम अपने शीर्ष वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की सफलता का आनंद उठाते हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पिरामिड के निचले हिस्से में हालत अब भी खराब हैं। देश भर में बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता में भारी असमानता है, जबकि कई राज्यों में काफी कुछ हो रहा है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक भारतीयों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले, ताकि हमारी नींव मजबूत हो।

भारत के मितव्ययी नवाचार की कहानी दूसरे कई अन्य क्षेत्रों तक फैली हुई है। भारत को फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड (दुनिया का दवाखाना) के रूप में जाना जाता है। भारत में तैयार होने वाली सस्ती जेनेरिक दवाओं ने दुनिया भर में लाखों लोगों को बचाने में मदद की है। सिपला के डॉ यूसुफ ख्वाजा हामिद ने प्रतिदिन एक डॉलर में एड्स की दवाएं बेचने के लिए बिग फार्मा के साथ मुकदमा लड़ा और इस तरह अफ्रीका में लोगों की जान बचाई। हामिद एक भारतीय वैज्ञानिक हैं और वर्ष 1935 में उनके पिता ख्वाजा अब्दुल हामिद द्वारा स्थापित एक जेनेरिक फार्मास्यूटिकल्स कंपनी सिपला के गैर-कार्यकारी चेयरमैन हैं। उनके पिता ख्वाजा अब्दुल हामिद महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम से प्रेरित थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जब भारतीय सैनिकों की ओर से दवा की मांग बढ़ी और यूरोप के दवा निर्माताओं से आपूर्ति घट गई थी, तब सिपला कंपनी ने ही मलेरिया के इलाज के लिए कुनैन और पेचिश (आंतों की सूजन के साथ खूनी दस्त) के इलाज के लिए सुइयां उपलब्ध कराई थीं।

वर्ष 2001 में यूसुफ हामिद ने एक अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा और मानवीय संगठन (डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स) को एड्स से लड़ने के लिए प्रति रोगी प्रतिदिन लगभग एक डॉलर के हिसाब से दवाओं की पेशकश करके वैश्विक दवा उद्योग को हिलाकर रख दिया था। वह वैश्विक फार्मास्युटिकल दिग्गजों द्वारा बेची जाने वाली समान दवाओं की लागत का करीब पांच फीसदी ही था। उस

> किफायती अंतरिक्ष अभियानों से लेकर सस्ती जेनेरिक दवाओं तक भारत के पास देश-दुनिया को बताने के लिए शानदार कहानियां हैं। लेकिन निचले स्तर पर अब भी कई चुनौतियां हैं, जिनका सामना करते हुए हमें आत्म निरीक्षण करना चाहिए।

पेशकश ने एड्स के इलाज की तस्वीर ही बदल डाली। नतीजतन बड़ी दवा कंपनियों को अपनी एड्स की दवाओं की कीमत कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। बिग फार्मा ने हामिद पर अपनी कमाई बढ़ाने के लिए दूसरों की बौद्धिक संपदा का दोहन करने और भविष्य की दवाओं में निवेश को कम करने का आरोप लगाया। हालांकि, दुनिया भर में लाखों लोग उन्हें एक बेहतर उद्देश्य के लिए लड़ने वाले योद्धा के रूप में देखते हैं।

लेकिन भारत अपनी अब तक की उपलब्धियों पर ही इतराता नहीं रह सकता। इसे गुणवत्ता और मितव्ययी नवोन्मेषी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करनी होगी। हाल के दिनों में भारत से जुड़ी दूषित (घटिया) दवाओं की बाढ़ आ गई है। एक वर्ष से भी कम समय में अफ्रीका और मध्य एशिया में कम से कम तीन गंभीर मामले सामने आए, जिसने सस्ती जेनेरिक दवाओं के विश्वसनीय स्रोत के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) भारतीय जेनेरिक दवाओं की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताता रहा है।

पत्रलेखा चटर्जी

## संपादकीय

### प्रतिष्ठा बच गई!

यह स्पष्ट नहीं है कि भारत सरकार ने कैसे पश्चिमी देशों को पलक झपकाने और अपने घोषित रुख से पीछे हटने के लिए राजी किया। लेकिन ऐसा वास्तव में हुआ। यह दुनिया के बदलते समीकरणों की एक झलक है। जी-20 के नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में साझा घोषणापत्र का जारी होना जाना निश्चित रूप से एक बड़ी कामयाबी है। इसे भारत की एक विशेष कूटनीतिक सफलता भी कहा जा सकता है। यह सफलता इसलिए अधिक महत्त्वपूर्ण मालूम पड़ती है, क्योंकि एक दिन पहले तक घोषणापत्र पर आम सहमति बनने की न्यूनतम संभावना नजर आती थी। शिखर सम्मेलन से पहले भारत में जी-20 देशों के विदेश, वित्त और पर्यावरण मंत्रियों की हुई बैठकों के बाद कोई साझा बयान जारी नहीं हो सका था। वजह यह थी कि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश इस पर अड़े हुए थे कि ऐसे किसी बयान में 'यूक्रेन पर हमले' के लिए रूस की दो टूक शब्दों में निंदा होनी चाहिए। उधर रूस और चीन अडिग थे कि उन्हें ऐसा कोई बयान मंजूर नहीं होगा। पिछले साल इंडोनेशिया के बाली में हुए शिखर सम्मेलन इस मामले में इन दोनों देशों ने कुछ नरम रुख दिखाया था, जिससे पश्चिमी देश निंदा को घोषणापत्र में शामिल करवाने में सफल हो गए थे। मगर अब रूस और चीन का रुख अधिक सख्त हो चुका था। इससे भारत की चुनौतियां बढ़ गई थीं। अब यह स्पष्ट नहीं है कि भारत सरकार ने कैसे पश्चिमी देशों को पलक झपकाने और अपने घोषित रुख से पीछे हटने के लिए राजी किया। लेकिन ऐसा वास्तव में हुआ।

# राजस्थान में एकला चलो की राह पर अशोक गहलोत

राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने में अब मात्र दो माह का समय रह गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अकेले चलने की राह पर चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। उन्होंने पूरे चुनाव की कमान अपने हाथों में थाम कर चुनावी व्यूह रचना करने में जुट गयें हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने अपने प्रतिद्वंदी सचिन पायलट को चुनावी रणनीति से पूरी तरह दूर कर दिया है। चुनाव के लिए गठित कांग्रेस पार्टी की किसी भी कमेटी की कमान सचिन पायलट को नहीं दी गई है। चुनावी कमेटियों में उन्हें मात्र एक सदस्य के तौर पर ही शामिल किया गया है। उनके अधिकांश समर्थकों को भी चुनावी कमेटियों से दूर रखा गया है। सचिन पायलट को चुनावी कमेटियों से दूर रहकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिखा दिया है कि राजस्थान के वही एक छत्र नेता है। उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। कांग्रेस की टिकटों के वितरण में भी उन्हीं की चलेगी। उनके समर्थको को ही टिकट मिलेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पिछले दिनो राजस्थान में चुनावों के लिये कोर कमेटी, कोऑर्डिनेशन कमेटी, चुनाव कम्पेनिंग कमेटी, मेनिफेस्टो कमेटी, स्ट्रेटजी कमेटी, मीडिया एंड कम्युनिकेशन कमेटी, पब्लिसिटी एंड पब्लिकेशन कमेटी और प्रोटोकॉल कमेटी सहित कुल आठ चुनावी कमेटियों का गठन किया था। इन कमेटियों में कांग्रेस वर्किंग कमेटी का सदस्य होने के नाते सचिन पायलट को तो शामिल किया गया है। मगर उनके समर्थकों को विशेष तवज्जो नहीं मिल पाया है। चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण कोर कमेटी का संयोजक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा को बनाया गया है। इस कमेटी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य भंवर जितेंद्र सिंह, सचिन पायलट, पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी, महेंद्रजीत मालवीया, मोहन प्रकाश, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल को शामिल किया गया है। इस कमेटी में पायलट को छोड़कर बाकी सभी गहलोत समर्थक को शामिल किया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कोर कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें किसी पायलट समर्थन के नहीं आने से पायलट अकेले पड़ गए हैं। इसी तरह दूसरी सबसे महत्वपूर्ण कोऑर्डिनेशन कमेटी में कुल 26 लोगों को शामिल किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित सभी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक दल के पूर्व नेता, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्यों को शामिल किया गया हैं। इसमें कई मंत्री व प्रमुख नेताओं को भी जगह दी गई है। इस कमेटी में कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल को भी शामिल किया गया है। जिन्होंने पिछले साल 25 सितंबर को कांग्रेस पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खरगे व अजय माकन द्वारा बुलाई गई कांग्रेस विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करवाया था। धारीवाल को कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा उस घटना पर कारण बताओं नोटिस भी दिया गया था। जिस पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। उसके उपरांत भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने सबसे निकटवर्ती मंत्री शांति धारीवाल को उक्त महत्वपूर्ण कमेटी में शामिल करवा कर यह बता दिया है कि कांग्रेस में वही होगा जो गहलोत चाहेंगे। कैंपेनिंग कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल को बनाया गया है। मेघवाल बीकानेर संभाग में गहलोत के कट्टर समर्थक नेता माने जाते हैं। पूर्व में वह भाजपा विधायक व संसदीय सचिव रह चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस टिकट पर 2013 और 2018 का विधानसभा चुनाव लड़ा था जिसमें 2013 में हार गए थे। मंत्री बनने से पहले उन्हें प्रदेश कांग्रेस का उपाध्यक्ष भी बनाया गया था। पहले सचिन पायलट को चुनाव कम्पेनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा थी। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दलित नेता गोविंदराम मेघवाल का नाम आगे कर पायलट का पत्ता साफ कर दिया।



**सचिन पायलट को चुनावी कमेटियों से दूर रहकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिखा दिया है कि राजस्थान के वही एक छत्र नेता है। उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। कांग्रेस की टिकटों के वितरण में भी उन्हीं की चलेगी।**

मेनिफेस्टो कमेटी का अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी को बनाया गया है। इस कमेटी में 21 सदस्यों को शामिल किया गया है।

## मिला जुला

# प्रियंका गांधी ने इनका जी20 बोला तो भड़की बीजेपी

**पलटवार करते हुए कहा- 'जो देश का है, वो इनके परिवार...'**



**दिल्ली** में 9 और 10 सितंबर को आयोजित किए गए जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने राजस्थान में एक रैली में सरकार पर बड़ा तंज कसा. प्रियंका ने बारिश के बाद भारत मंडपम में भरे पानी को लेकर अपने संबोधन में इनके %ल20% कहा. जिसके बाद बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने पलटवार किया है. बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि प्रियंका गांधी और कांग्रेस को कड़वाहट और आलोचना का अधिकार है, लेकिन देखिए इनका क्या कहना है... इन्होंने जी20 को इनका कहा.

शहजाद पूनावाला ने सवाल खड़े करते हुए आगे कहा कि क्या ये प्रोग्राम 'इनका' और 'उनका' है या भारत का है? इतना ही नहीं पूनावाला ने आगे कहा कि ये परिवार की मानसिकता की समस्या है जो हमेशा इस चीज पर विश्वास रखता है जो देश का है वो इनके परिवार का है. वह तो बस प्रकट कर रही हैं.

### प्रियंका गांधी ने क्या कहा था?

राजस्थान में प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में जी20 कार्यक्रम को इस दौरान इनका ल20 और उनका ल20 कहकर पुकारा. उन्होंने कहा, मैंने देखा कि जी20 कार्यक्रम स्थल में पानी भर गया है. भारत मंडपम में पानी भर जाने के बाद मैंने सोचा कि बीजेपी सरकार को इतना घमंड न करने के लिए भगवान ने ऐसा काम किया है. प्रियंका ने आगे कहा, मैंने सोचा कि जो बात देश की जनता डर के चलते नहीं कह पाती है वो बात खुद भगवान ने कही है कि इतना घमंड मत करो, इस देश ने तुम्हें सब बनाया है, देश और जनता को हर चीज में आगे रखो.

**उत्तरप्रदेश में बारिश का कहर**

# यूपी में बारिश का कहर, 24 घंटे में गई 17 लोगों की जान

**नई दिल्ली।** पिछले तीन दिनों से राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में लगातार हो रही बारिश से हाल बेहाल है। बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है। लखीमपुर और बाराबंकी जिले में जिलाधिकारी ने मंगलवार को प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार, मंगलवार को सभी निजी व सरकारी स्कूल बंद रहेंगे। आदेश का पालन न करने पर विद्यालय प्रबंधकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बारिश के साथ-साथ प्रदेश में वज्रपात की घटनाएं भी हुई हैं। घर गिरने से जान-माल का नुकसान भी हुआ है। खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान पहुंचा है।



### मुख्यमंत्री ने दिए राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश के दृष्टिगत संबंधित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें। आपदा से प्रभावित लोगों को अनुमन्य राहत राशि का अविलंब वितरण करें। जलभराव की स्थिति में जल निकासी के प्रभावी प्रबंध किए जाएं। नदियों के जलस्तर की लगातार निगरानी की जाए।

# देहरादून-नैनीताल समेत 8 जिलो में भारी बारिश का येलो अलर्ट, देर से विदा होगा मानसून

देहरादून। उत्तराखंड में आज देहरादून समेत आठ जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग ने देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा, नैनीताल और पिथौरागढ़ जिले में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने सभी जिलों में बिजली चमकने और तेज गर्जन के साथ कई दौर की तेज बारिश होने के आसार हैं। जबकि, अन्य जिलों में भी हल्की बारिश होने की संभावना है। उधर मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तराखंड से इस बार मानसून के देरी से विदा होगा।



# सऊदी अरब से भारत की ऐसी दोस्ती, डर रहा है पाकिस्तान... कहीं प्रिंस ये बड़ा खेल न कर दें

**नई दिल्ली।** जी-20 समिट भारत के लिए बड़ी उपलब्धियों वाली समिट रही. इस समिट से कई देशों से नजदीकियां बढ़ी हैं, इस लिस्ट में पहला नाम सऊदी अरब है. भारत और सऊदी अरब की दोस्ती से चीन और पाकिस्तान अंदर ही अंदर घुट रहा है. क्योंकि पाकिस्तान को लग रहा है कि इन दोनों देशों की बढ़ती नजदीकियों की वजह से वो कहीं दूर न हो जाए. दरअसल, जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आए सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की यात्रा से पाकिस्तान सरकार की सांसें अटकी हुईं हैं. सम्मेलन में शामिल लगभग सभी बड़े नेता वापस लौट चुके हैं. लेकिन सऊदी के क्राउन प्रिंस सोमवार देर रात लौटे. क्योंकि क्राउन प्रिंस भारत के राजकीय दौरे पर भी थे और सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मोहम्मद बिन सलमान के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई.



### निजी ट्रेन पर सवार और हथियारों के जानकार लेकर रूस पहुंचे किम जोंग उन

उजाला न्यूज

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन रूस पहुंच गए हैं। जापानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक एक निजी ट्रेन से किम जोंग उन पहुंचे हैं और उनके साथ हथियार बनाने वाली कंपनियों से जुड़े लोग भी हैं। वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। अमेरिका ने दोनों देशों की मीटिंग को लेकर चेतावनी देते हुए कहा था कि हम इनके बीच किसी भी तरह की हथियार डील को मंजूर नहीं करेंगे। इसके बाद भी किम जोंग उन रूस पहुंचे हैं। रविवार को किम जोंग उन उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से निजी ट्रेन से रवाना हुए थे। उनके साथ विदेश मंत्री और सैन्य हथियारों के विशेषज्ञ भी हैं।

# मिडिल ईस्ट कॉरिडोर से खुलेंगे भारत, सऊदी अरब के नए दरवाजे

**जेरूशलम।** भारत-मीडिल ईस्ट और यूरोप कॉरिडोर (आईएमईसी) पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने इस कॉरिडोर को इजरायल के लोगों के लिए एक बड़ी घटना करार दिया है। साथ ही कहा है कि यह कॉरिडोर उनके इतिहास की सबसे बड़ी ऐसी परियोजना होने वाला है जो आपसी सहयोग से आगे बढ़ेगा। उनकी मानें तो यह आर्थिक गलियारा न केवल मिडिल ईस्ट बल्कि पूरी दुनिया को बदलने वाला साबित होगा। इस कॉरिडोर को चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) का जवाब माना जा रहा है। चीन के बीआरआई को छोटे देशों को कर्ज जाल में फंसाने का दोषी बताया जाता है।



### नेतन्याहू ने किया परियोजना का स्वागत

नेतन्याहू ने शनिवार देर रात एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा, इजरायल एक अभूतपूर्व विश्वव्यापी परियोजना का केंद्र बनने जा रहा है जो बुनियादी ढांचे को एशिया से यूरोप तक जोड़ेगा। मैं अमेरिका, भारत, सऊदी अरब, यूएई और यूरोपियन यूनियन के साथ-साथ फ्रांस, इटली और जर्मनी की तरफ से जारी किए गए बयान का स्वागत करता हूं।

## पूर्व आर्मी चीफ ने क्यों कहा अपने आप भारत में आएगा पीओके

# पीओके में अभी क्या चल रहा?

**नई दिल्ली।** पीओके अपने आप भारत के अंदर आएगा, थोड़ा सा इंतजार कीजिए... जब से केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेना प्रमुख जनरल (रिटायर्ड) वीके सिंह ने यह बात कही है देश में कई तरह की बातें होने लगी हैं। वीके सिंह राजस्थान के दौसा में थे। वहां उनसे पीओके पर बीजेपी का स्टैंड पूछा गया था। दरअसल, पीओके से रिपोर्ट आ रही है कि वहां के लोग भारत में विलय की मांग कर रहे हैं। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि वीके सिंह के इस बयान के क्या मायने हैं। पीओके के हालात क्या हैं और क्या 370 के बाद मोदी सरकार का यह अगला बड़ा मास्टरस्ट्रोक होने वाला है। सबसे पहले बात पीओके की। वीके सिंह ने 'अपने आप' वाली बात इसलिए कही है क्योंकि शायद भारत को इसके लिए कोई ऐक्शन लेने की जरूरत ही न पड़े। जी हां, गरीबी और कंगाली के दलदल में जिस तरह पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान धंसता जा रहा है।



# डीजल कारों पर 10% एक्स्ट्रा जीएसटी की योजना से गडकरी का इनकार

**सड़क** परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि डीजल इंजन वाहनों पर अतिरिक्त 10प्रतिशत जीएसटी लगाने की कोई प्लानिंग नहीं हैं। दरअसल, आज सुबह ऐसी खबरें आई थीं कि गडकरी ने डीजल व्हीकल पर 10प्रतिशत एक्स्ट्रा जीएसटी लगाने को लेकर वित्त मंत्रालय को एक प्रस्ताव सौंपने की योजना बनाई है। वे इस कदम से देश के अंदर क्लाइमेट फ्रेंडली व्हीकल को बढ़ावा देना है। अब उन्होंने सोशल मीडिया पर इसे लेकर साफ किया है कि उनकी तरफ से ऐसी कोई योजना नहीं है। बता दें देश के अंदर लगभग सभी कमर्शियल व्हीकल डीजल इंजन से ही चलते हैं।

**खबर का शेयर पर हुआ असर-** सुबह मीडिया में ऐसी खबरें थी कि गडकरी ने 63वें सियाम वार्षिक सम्मेलन में इसे पॉल्यूशन टैक्स बताते हुए कहा कि यह देश में डीजल वाहनों के उपयोग को कम करने का एकमात्र तरीका है। गडकरी के बयान के बाद दोपहर 12ः00 बजे तक महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 2.38प्रतिशत, टाटा मोटर्स के शेयर 2प्रतिशत और मारुति सुजुकी के शेयर 0.8प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

### अभी कितनी जीएसटी लग रही

जब भी आप कोई नई गाड़ी खरीदते हैं तब उसकी कुल कीमत 28प्रतिशत जीएसटी देनी पड़ती है। इसमें सभी तरह के व्हीकल जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, इलेक्ट्रिक हाइब्रिड शामिल हैं।



# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा अनुरूप रामपुर में महाविद्यालय का संचालन हुआ प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।








## सांसद ज्योत्सना महंत ने रामपुर के नवीन शासकीय महाविद्यालय का किया उद्घाटन

## महाविद्यालय प्रारम्भ होने से वनांचल के छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा गांव में ही कर सकेंगे प्राप्त

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा अनुरूप कोरबा के रामपुर जैसे वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में सहूलियत देने हेतु नवीन शासकीय महाविद्यालय का संचालन प्रारंभ किया गया है। जिसका उद्घाटन आज सांसद लोकसभा क्षेत्र कोरबा ज्योत्सना चरण दास महंत ने किया। उन्होंने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक कर उनको बधाई दी। इस अवसर पर सांसद महंत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवीन महाविद्यालय के लिए ग्राम वासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार की मंशा सदैव से ही जन-जन तक शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाना रहा है। राज्य सरकार द्वारा बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों, वनांचलों में नए महाविद्यालय प्रारम्भ करने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इसी कड़ी में रामपुर में उच्च शिक्षा का विकास के लिए मुख्यमंत्री बघेल के घोषणा अनुरुप नवीन महाविद्यालय प्रारम्भ किया गया है। महाविद्यालय प्रारम्भ होने से आस पास के छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा गांव में ही प्राप्त करेंगे। विशेषकर क्षेत्र की बेटियां महाविद्यालय शुरू होने से लाभान्वित होंगी। अब उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सांसद महंत ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिससे मानव उन्नति की राह की ओर अग्रसर होता है। किसी भी समाज, राज्य या राष्ट्र के विकास के लिए लड़कियों का शिक्षित होना आवश्यक है। बेटियां आगे बढ़ती है तो समाज तरक्की करता है। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय नया है, जल्द ही महाविद्यालय की नए भवन निर्माण की भी स्वीकृति मिल जाएगी। सांसद ने महाविद्यालय में प्रवेशित सभी छात्र-छात्राओं को अच्छे से मेहनत करने के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में पढ़ाई ही सर्वोपरि है। आप सभी अपने जीवन में अनुशासन के साथ खूब मेहनत से पढ़ाई करें और अपने महाविद्यालय का नाम राज्य के साथ-साथ पूरे देश मे रोशन करें। इसके पूर्व सांसद महंत सहित उपस्थित अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया। साथ ही छत्तीसगढ़ के राज्यगीत अरपा पैरी के धार की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की हुई विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्र.छात्राओं ने मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विधायक रामपुर ननकी राम कंवर एवं पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि रामपुर विधानसभा के ग्राम चिर्रा में 22 मई 2023 को आयोजित मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वनांचल क्षेत्र रामपुर में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाविद्यालय चालू शैक्षणिक सत्र से ही प्रारंभ करने की घोषणा की गई थी। जिसका प्रशासकीय स्वीकृति 25 अगस्त 2023 को मिली। रामपुर में महाविद्यालय प्रारम्भ होने से वनांचल के अनेक विद्यार्थी लाभांवित होंगे। उन्हें उच्च शिक्षा के लिए अब अन्यत्र जाना नहीं पड़ेगा। गांव में ही महाविद्यालय खुल जाने से लड़कियों को भी पढ़ाई के लिए सहूलियत होगी। रामपुर क्षेत्र में महाविद्यालय नहीं होने से 10वीं.12वीं की पढ़ाई के बाद लड़कियों को आगे की पढ़ाई के लिए समस्याएं होती थी। जिससे उनकी पढ़ाई बीच मे ही छूट जाती थी या फिर उन्हें स्वध्यायी के रूप में पढ़ाई करनी पड़ती थी। शैक्षणिक सत्र 2023.24 में महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्य संचालित करने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय हेतु 32 विभिन्न पदों की स्वीकृति दी गई है। जिसमें प्राचार्य, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल सहित अन्य पद शामिल है। यथाशीघ्र इन पदों में नियुक्ति पूर्ण हो जाएगी। साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में 10 मेहमान प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। महाविद्यालय में इस सत्र से बीए, बी कॉम, बीएससी विज्ञान एवं बीएससी गणित जैसे 4 संकाय प्रारम्भ है। अल्प समय में ही महाविद्यालय में 94 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। साथ ही अब भी उक्त महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के प्रवेश प्रकिया प्रारंभ है। कार्यक्रम में विधायक रामपुर ननकी राम कंवर, पूर्व विधायक श्याम लाल कंवर, करतला जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता देवी कंवर, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप, अपर कलेक्टर, प्रदीप साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी ने निर्वाचक नामावली शुद्धिकरण हेतु द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों के लिए चिन्हांकित भवनों में आवश्यकता अनुसार मरम्मत कार्य, पेयजल, शौचालय और रैंप जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए प्राप्त ऑफलाईन आवेदनों की ऑनलाईन एंट्री का कार्य भी शीघ्रता से करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सोनी ने इस दौरान विभिन्न विभागों में कर्मचारी भर्ती के प्रगति की समीक्षा करते हुए भर्ती की कार्यवाही शीघ्रता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भर्ती की कार्यवाही पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा करने को कहा। उन्होंने इस दौरान निर्माणाधीन कार्यों के प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## मक्का प्रसंस्करण प्लांट हेतु 41 युवाओं का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

### द्वितीय चरण में 40 अन्य युवाओं को दिया जायेगा प्रशिक्षण



**कोण्डागांव।** जिले में निर्माणाधीन इथेनॉल निर्माण संयंत्र के तीव्र गति से बनने के साथ प्लांट में मानव संसाधनों की आपूर्ति हेतु निर्मित योजना के अनुसार युवाओं के प्रशिक्षण एवं उनकी भर्ती हेतु प्रक्रिया की जा रही है। जिसके लिए युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम चरण में जिले के 41 युवाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 28 आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं, 12 पॉलिटेक्निक एवं एक डिग्री धारी युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत आईटीआई में फीटर, इलेक्ट्रेशियन, डीजल मैकेनिक, टर्नर, आटो मोबाईल, मैनुफैक्चरिंग, सीएनसी ट्रेडों से प्रशिक्षित युवाओं को तथा सिविल, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल में डिप्लोमा धारी युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। अगले चरण में 40 अन्य युवाओं को भी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### जिला एवं सत्र न्यायालय में हुआ लोक अदालत

# प्री-लिटिगेशन के 3712 एवं नियमित मामलों के 1101 मामले हुए निराकृत



**दंतेवाड़ा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 09 सितंबर 2023 को शनिवार के दिन जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा के अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा, बीजापुर के व्यवहार न्यायालय में तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली के साथ-साथ तीनों राजस्व जिला- दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के न्यायालयों में एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए कुल 11 खंडपीठ का गठन किया गया था। जिसमें न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दंतेवाड़ा का भी नवीन खंडपीठ बनाया गया था। सभी न्यायालयों में प्री-लिटिगेशन के मामले जैसे- बैंक, विधुत नलजल, बीएसएनएल एवं राजस्व न्यायालयों के मामलों को मिलाकर कुल 4 हजार 762 प्रकरण रखे गये थे। जिनमें से कुल 3 हजार 712 मामले निराकृत हुए। जिसमें प्री-लिटिगेशन के कुल- 1,72,042 रुपये राशि का अवार्ड पारित किया गया ।



इसी प्रकार सभी न्यायालयों में लंबित नियमित मामले कुल 1315 रखे गये थे। जिनमें से कुल 1101 मामलों का निराकरण करते हुए कुल 2,76,84,427 रुपये राशि का एवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार सभी मिलाकर इस लोक अदालत में कुल 6077 प्रकरण रखे गये थे। जिसमें से कुल 4813 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 2,78,56,469 रूपये का अवार्ड पारित किया गया । ज्ञातव्य है कि उक्त लोक अदालत वर्चुअल एवं भौतिक दोनों रूप में आयोजित किया गया था।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यशाला हुआ आयोजित




**दंतेवाड़ा ।** उल्लेखनीय है कि नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 31वीं राष्ट्रीय बाल दिवस कांग्रेस 2023 हेतु ''स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना'' विषय वस्तु चयनित किया गया है। इस संबंध में राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी दन्तेवाड़ा प्रमोद ठाकुर के मार्गदर्शन पर जिला स्तरीय ओरियंटेशन कार्यशाला स्वामी आत्मानंद हिन्दी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दन्तेवाड़ा में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस जिला समन्वयक बीबी चक्रवर्ती ने इस संबंध में जानकारी दी है कि बच्चों में वैज्ञानिक तथा रिसर्च दृष्टिकोण विकसित करने हेतु प्रोजेक्ट के माध्यम से यह प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है। इसके लिए 10 से 14 वर्ष आयु एवं 14 से 17 वर्ष आयु बच्चों के लिए जूनियर एवं सीनियर दो वर्ग में हर विद्यालय से चार समूह दल के रूप में पंजीयन किया जाता है। उक्त कार्यशाला में तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में दंतेश्वरी शासकीय पीजी महाविद्यालय से वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर राजीव पाणिग्रही, मनोविज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ दिनेश लहरी, जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर दुष्यंत तरम ने रिसर्च मेथोडोलॉजी, प्रोजेक्ट मेकिंग, प्रश्नोत्तरी, ईको सिस्टम, वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषय पर संक्षिप्त रूप से जानकारी दी। साथ ही भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था के विशेषज्ञ तथा व्याख्याता अमुजुरी विश्वनाथ ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत प्रोजेक्ट विकास गतिविधियों पर रिसर्च एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से चर्चा करते हुए कहा कि छात्रों की शंकाओं एवं जिज्ञासा का समाधान करने तथा उनके अपने नवाचार आइडिया को प्रोत्साहित कर समाज हित में लाने में शिक्षक का सहयोग जरूरी है।

# केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम के समक्ष 16 ग्रामीणों एवं भाजपा समर्थको ने किया कांग्रेस प्रवेश



**कोंडागांव।** कोंडागांव विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं केबिनेट मंत्री छ्ग शासन मोहन मरकाम के कार्यों एवं कांग्रेस पार्टी कि रीती नीति से प्रभावित होकर ग्राम संबलपुर के 16 ग्रामीणों एवं भाजपा समर्थको ने मोहन मरकाम के समक्ष किया कांग्रेस प्रवेश। नव प्रवेशी कॉंग्रेसियों ने कहा हम कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र मे ज़ब से मोहन मरकाम को विधायक के रूप मे देख रहे हैँ कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के हर गॉव का विकास हुआ है हमारे संबलपुर गॉव मे ही लगभग 15 करोड़ से अधिक के राशि से निर्माण कार्य हुआ है और भी विकास कार्य सतत जारी है साथ ही छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस सरकार स्थापित होने के बाद से कोंडागांव शहर और ग्रामीण क्षेत्रों मे गुंडागर्दी जुआ सट्टा पूर्ण रूप से बंद हो गया है रामायण मंडली से जुड़े कई नवप्रवेशियो ने कहा कि गाय और भगवान श्रीराम के नाम पर भाजपा सिर्फ राजनीति करते आ रही है वही कांग्रेस ने नरवा गुरवा घरवा बारी राम वनपथ गमन और गोठान के निर्माण के माध्यम से कार्य को फलीभूत करने के बेहतरीन कार्य किया है हम लोगो ने कोंडागांव विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम जी के समक्ष उनके कोंडागांव स्थित कार्यालय पहुंच कांग्रेस पार्टी कि सदस्यता ग्रहण किया है।

## खराब हो चुके सड़कों का मरम्मत करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

**कांकेर ।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज अधिकारियें की बैठक लेकर समय-सीमा में निराकरण पत्रों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गये कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जनचौपाल में प्राप्त सभी आवेदनों को अविलंब निराकृत करने के लिए निर्देशित किया। निर्माण कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देष दिये गये। खराब हो चुके सड़कों का मरम्मत करने के लिए अधिकारियों को निर्देषित करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाष्त नहीं की जायेगी।

## एक नजर

### विभिन्न पदों हेतु वॉक इन इंटरव्यू 21 सितम्बर को

**कोण्डागांव।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शिक्षा-प्रशिक्षण में सहयोग हेतु स्पीच थैरेपिस्ट, स्पेशल एजुकेटर एवं हेल्पर-आया-अटेन्डेन्ट की नियुक्ति आस्थायी रूप से की जानी है। इस हेतु वॉक इन इंटरव्यू 21 सितम्बर 2023 को कार्यालय जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कोण्डागांव कक्ष क्रमांक-94 में आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कोण्डागांव के सूचना पटल एवं जिले की वेब साइट kondagaon.gov.in पर जाकर विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन कर सकते हैं।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 15 सितम्बर को

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत कोण्डागांव में सामान्य सभा का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में 15 सितम्बर 2023 को जिला पंचायत कोण्डागांव के सभा कक्ष में आयोजित किया गया है। इस सभा में वनमण्डलों, जिला शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, उद्यानिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहकारिता विभाग, आबकारी विभाग, खाद्य विभाग, खनिज विभाग, आदिवासी विकास विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, महिला बाल विकास विभाग, मत्स्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग एवं जिला पंचायत के विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत रूप से चर्चा की जायेगी।

### वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु 10 अक्टूबर तक होगा ऑनलाईन पंजीयन

**जगदलपुर।** राज्य शासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के तहत समस्त शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पोलीटेक्निक आदि में अध्ययरनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीकरण सम्बन्धी अभ्यावेदन 10 अक्टूबर 2023 तक आमंत्रित किया गया है। इस दिशा में प्राचार्य या संस्था प्रमुख अथवा छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता है, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं एवं उच्चतर पाठ्यक्रम के लिए पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन, प्रस्ताव एवं स्वीकृति वर्ष 2023-24 हेतु तिथि निर्धारित की गई है। जिसके तहत छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु नवीन एवं नवीनीकरण 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2023 तक, ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने के लिए 15 सितंबर से 17 अक्टूबर 2023 तक और स्वीकृति आदेश लॉक करने हेतु 15 सितम्बर से 20 अक्टूबर 2023 तक तिथि निर्धारित है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा एवं ड्राफ्ट प्रस्ताव एवं स्वीकृति आदेश लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतएव सभी छात्र-छात्राएं ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें।

### गांव-गांव में मतदान प्रति जगा रहे हैं अलख

ग्राम मटेनार में रंगोली, चित्रकला, निबंध बनाने सहित मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का दिया गया संदेश



**दंतेवाड़ा ।** विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले के अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रोत्साहित किये जाने हेतु गांव-गांव में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अधिकारियों-कर्मचारियों सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं,पंचायत सचिव,रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, मितानिन और महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राएं मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा ब्लॉक के मटेनार स्कूल के बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए अभिप्रेरित किया गया। इस छात्र-छात्राओं ने वोट को रेखांकित करते हुए सुंदर और आकर्षक मानव श्रृंखला बनाने के साथ ही मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने सन्देश दिया।

# तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर दो मवेसी की मौत, तीन ग्रामीण घायल




**कोंडागांव।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ग्राम बड़े उसरी के पास तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से दो गाय की मौत, तीन ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए, जिसे कोण्डागांव पुलिस ने 108 की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा ग्रामीण गाय बैलों को लेकर जा रहा था , इस दौरान जगदलपुर से तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 4 एम ए 1164 मवेशियों और और ग्रामीण को जबरदस्त ठोकर मारी जिसमें मौके पर ही दो गायों की मौत हुई वहीं तीन ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुआ। मोके पर कोण्डागांव पुलिस पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल भेजा व यातायात सुचारू रुप से चालू करवाया गया। घटना कोण्डागांव थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ग्राम बड़े उसरी के पास शोभा पेट्रोल पंप के पास का।

# छत्तीसगढ़ के गौरव हैं डॉ. चरण दास महन्त, सक्ति सहित 3 जिला एवं 3 मेडिकल कालेज बनवाया-उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ति।



12 सितम्बर संकल्प शिविर में पहुंचे छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर चरणदास महंत प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आज सक्ती के नंदेली भांटा में आयोजित कांग्रेस के संकल्प शिविर में कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनाव में जिस प्रत्याशी को टिकट दिया जाएगा उसे सभी कांग्रेस कार्यकर्ता प्रत्याशी के पक्ष में कार्य करने के लिए शपथ दिलाते टी एस सिंहदेव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा धर्मवाद की राजनीति कर रही है वहीं 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाली केंद्र की भाजपा सरकार आय तो दोगुना नहीं कर पाई लेकिन डीजल पेट्रोल बीज की कीमत को दोगुनी कर दी। जिंससे किसानों की कमर टुट गई और किसानों ने आत्महत्या कर ली कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ के किसान मजदूर की सरकार है आज किसानों से 20 क्विंटल धान खरीदी कर रही है और बोनस दे रही है आने वाले दिनों में 3200 प्रति क्विंटल वटल धान खरीदेगी प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कांग्रेस सरकार ने बस्तर वीडियो को हर हाथों में काम दिया विकास कराया जब भाजपा का शासन काल था। तब बस्तर के बीहड़ जंगल क्षेत्र के लोगों को नक्सलाइट बताते हुए उन पर गोलियां बरसाई जाती थी।

आज कांग्रेस सरकार बस्तर के उन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण वासियों को हर प्रकार की सुरक्षा दे रही है चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा सक्ती विधानसभा क्षेत्र के जनता को गर्व होना चाहिए कि आप के क्षेत्र के विधायक इतने सशक्त हैं की मुझे और हर मंत्री को विधानसभा सभा में बोलने के लिए इनसे अनुमति लेनी पड़ती है क्योंकि आपके विधायक विधानसभा अध्यक्ष हैं और ऐसे सशक्त और मजबूत ब्यक्ती आपके क्षेत्र के विधायक हैं आए हुए सभी बुद्ध प्रभारी सेक्टर प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण अध्यक्ष से कहना चाहूंगा कि आने वाले चुनाव में डॉक्टर चरण दास महंत को अधिक से अधिक मात्रा में जीत कर फिर विधानसभा में भेजें आज के संकल्प शिविर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महान उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आरडी, अध्यक्ष सुभाष धूपर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल सुरेन्द्र शर्मा कृषक कल्याण बोर्ड नगर पालिका अध्यक्ष शक्ति सुषमा जयसवाल जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष नरेश गेवाडीन उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिगंबर चौबे जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष साधेस्वर गावेल वरिष्ठ अधिवक्ता गिरधर जायसवाल जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष बालेश्वर साहू प्रदेश सचिव सरवन सिदार प्रदेश सचिव घनश्याम पांडे ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ग्रामीण अध्यक्ष कन्हैया कुमार अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष महबूब खान पिंटू ठाकुर जनपद सदस्य अशोक यादव जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर जिला महिला अध्यक्ष गीता देवांगन बाराद्वार नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा विजय सूर्यवंशी रथ राम पटेल गुरुदेव चौधरी डमरू साहू मंडी अध्यक्ष रूपनारायण साहू अमंडुला मंडी अध्यक्ष रश्मि गैवल राकेश राठौर घनश्याम देवांगन भुरू अग्रवाल सहसराम कार्स केदार राठौर अंजू राठौर राम सजीवन देवांगन रिकी सेवक भवानी तिवारी लाल सोनी सुरेश देवांगन विजय बहादुर भवानी तिवारी लव सोनी घनश्याम जायसवाल दुर्गेश जायसवाल एवम बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी त्रिलोक चंद जायसवाल ने किया संकल्प शिविर में विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण अध्यक्ष नगर अध्यक्ष सहित कांग्रेस के पदाधिकारी ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 300 लीटर अवैध शराब के साथ 3 आरोपी हुए गिरफ्तार

## तमनार पुलिस और आबकारी विभाग घरघोड़ा की संयुक्त कार्यवाही




जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा अन्तर्राज्यीय सीमा पर चेक पोस्टों में लगातार औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये है जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजय महादेवा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना तमनार स्टाफ द्वारा कार्यवाही जारी है। थाना प्रभारी तमनार आर्शीवाद रहटगांवकर को अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट उड़ीसा, हमीरपुर में आबकारी विभाग घरघोड़ा के उप निरीक्षक रमेश सिंह सिदार व स्टाफ से चेकिंग के दौरान सूचना मिली की मुख्य मार्ग में चेकिंग होने की सूचना पाकर कुछ शराब तस्कर ग्राम भगोरा की ओर से अवैध शराब ले जा रहे है जिस पर पुलिस स्टाफ तथा आबकारी स्टाफ द्वारा भगोरा मार्ग की घेराबंदी की गई जहां 3 व्यक्ति अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 13 डब्लू 2305 में शराब परिवहन करते मिले जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ कर पूछताछ करने पर अवैध कच्ची महुआ 100 लीटर को बिक्री करने हेतु परिवहन करना बताये पहले से ही उनके एक साथी को स्टाफ द्वारा पकड़ा गया जिनके पास 200 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब रखी थी जो बारी-बारी लेकर आये थे तीनों आरोपी के कब्जे से जुमला 300 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं मो.सा.जुमला मशरूका 90 हजार रूपये को जप्त किया गया है। पुलिस थाना तमनार द्वारा अपराध सबुत पाये जाने पर आरोपी हर्ष मिश्रा अलाउद्दीनपुर थाना दीदारगंज जिला आजमगढ़ उ.प्र. वेद मिश्रा अलाउद्दीनपुर थाना दीदारगंज जिला आजमगढ़ उ.प्र.रूपेश सिंह चौहान इंदिरानगर तमनार थाना तमनार जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में निरीक्षक आर्शीवाद रहटगांवकर थाना प्रभारी तमनार, प्र.आर.606 देव प्रसाद राठिया, आर.पुरुषोत्तम सिदार, आर.सनत कुमार व आबकारी उपनिरीक्षक रमेश सिंह सिदार,प्र.आर.नेलसन लबेट, आरक्षक राजेश्वर ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

# स्वस्थ गांव की अवधारणा से टीबी से मुक्त होगा पंचायत

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

जिले के ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने हेतु टीबी मुक्त पंचायत हेतु पहल शुरू की गई है। जिले को टीबी से मुक्त करने के लिए निर्धारित समय सीमा 2025 में प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। पंचायती राज संस्थाओं में सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वस्थ गांवों की अवधारणा की परिकल्पना की गई है। इसी अवधारणा से स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। अब जिला तथा राज्य शासन टीबी मुक्त पंचायत पहल के तहत पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए प्रयासरत हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को सशक्त करना है जिससे कि वह टीबी संबंधित परेशानियों की भयावहता और समाधान को पहचाने और उचित संसाधनों का प्रयोग करते हुए टीबी के बढ़ते दबाव को कम कर सकें और सभी मरीजों में पुनरावृत्ति होने से रोकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर टीबी मुक्त घोषित करने के लिए पंचायत विकास योजना में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम संबंधित गतिविधियों को शामिल करना तथा समुदाय को टीबी के लक्षणों, जांच एवं उपचार की नि:शुल्क व्यवस्था, शासन द्वारा टीबी रोगियों तथा ट्रीटमेंट सपोर्टर को दिए जाने वाले लाभों की जानकारी देना है। साथ ही जन आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठकों में टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने की शर्तोंए संकेतकों पर प्रगति की समीक्षा एवं कठिनाइयों का समाधान करने का प्रयास करना है। इसके अतिरिक्त समाज के सक्षम लोगों के द्वारा टीबी रोगियों को फूड बास्केट देने के लिए प्रेरित कर निक्षय मित्रों की संख्या में वृद्धि करना है। टीबी मुक्त पंचायत हेतु जिला, ब्लाक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला क्षय अधिकारी डॉ. जीलएसजात्रा ने बताया कि पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए टारगेट निर्धारित है। प्रत्येक एक हजार की जनसंख्या में 30 संभावित टीबी रोगियों की खखार जांच होना चाहिए तथा टीबी मरीजों की संख्या एक या एक से कम होना चाहिए। यदि टीबी के धनात्मक केस मिलते हैं तो उन्हें डॉट्स की प्रापर ट्रीटमेंट किया जा ना है तथा समाज के सक्षम लोगों को निक्षय मित्र बनाकर उनसे जोड़ना है जो उन मरीजों का फूड सप्लिमेंट दे सके। टीबी मुक्त पंचायतों के लिए भेजे गए दावों का सत्यापन जिला स्तरीय टीम द्वारा संकेतकों के आधार परा किया जायेगा। जिले की टीम द्वारा साल के प्रथम तिमाही में सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर मार्च के प्रथम सप्ताह तक पूरा कर लिया जायेगा तथा विश्व टीबी दिवस 24 मार्च को जिला पदाधिकारी द्वारा योग्य ग्राम पंचायतों को एक वर्ष की वैद्यता के साथ टीबी मुक्त पंचायत पुरस्कार दिया जायेगा। कलेक्टर सौरभ कुमार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी ने संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे पंचायत को टीबी मुक्त बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा शंकास्पद मरीजों की खोज कर उनके बलगम की जांच करावें। टीबी के मरीजों को उपचार प्रदान करायें। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने हेतु इसकी कारगर रणनीति बनाएं। पंचायत स्तर पर मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकता, आरएचओ, आंगनबाड़ी कार्यकता, प्रायवेट प्रैक्टिशनर, स्वसहायता समूहों, पंचायत सदस्यों तथा गणमान्य नागरिकों के सहयोग से जन जागरूकता अभियान चलायें जिससे टीबी मुक्त भारत का संकल्प पूरा हो सके तथा जिले के लोगों से अपील किए हैं कि जिन्हें दो सप्ताह से ज्यादा खांसी होए शाम को चढ़ने वाला बुखार हो, खुासी में खून आता हो, छाती में दर्द होता हो, भूख कम लगती हो, वजन कम हो रहा हो तथा सांस फूलता हो वे अपने बलगम की जांच मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से या स्वास्थ्य केन्द्र जाकर करायें तथा रिपोर्ट पॉजिटिव होने पर इलाज प्राप्त कर स्वस्थ्य होवें तथा टीबी मुक्त भारत बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# लेखा अधीक्षक से ड्राइवर ने की गाली-गलौज व मारपीट

**कोरबा** । कोसाबाड़ी.रजगामार मार्ग में वन विभाग कालोनी के समीप वन विभाग के लेखा अधीक्षक से डीएफ्ओ के ड्राइवर ने गाली–गलौज कर मारपीट किया। मामले की शिकायत पीड़ित लेखा अधीक्षक ने पुलिस से की है। पोड़ीबहार निवासी अशोक वाहने कोरबा वन मंडल कार्यालय में लेखा अधीक्षक पदस्थ हैं। वर्तमान में लेखा अधीक्षक अवकाश पर है क्योंकि उनका पुत्र अस्वस्थ है। वे पुत्र के लिए दवा लेने कोसाबाड़ी आए हुए थे और दवा लेकर घर जाने के दौरान वन विभाग कालोनी के ठीक सामने वन मंडल कार्यालय में पदस्थ लिपिक रितेश कुमार भारद्वाज से हो गई। वाहने लिपिक से बातचीत कर रहे थे कि इसी दौरान दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी चंद साहू मौके पर पहुंचा। उसने लेखा अधीक्षक से गाली.गलौज शुरूकर दिया। लेखा अधीक्षक ने आपत्ति जताई तो चंद साहू आक्रोशित हो गया और लेखा अधीक्षक से मारपीट करने लगा। वह खुद को डीएफ्ओ का वाहन चालक बताता रहा तथा जिले के उच्च अधिकारियों को अपने हाथ में होने की बात चीख–चीख कर कहता रहा। विवाद के दौरान यहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए तथा हंगामा कर रहे युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। बाद में पता चला कि चंद साहू सेवानिवृत्त वन कर्मी का पुत्र है जो विभाग में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत है और वर्तमान में डीएफ्ओ के वाहन चालक के रूप में सेवा दे रहा है। शनिवार को पीड़ित लेखा अधीक्षक ने चंद साहू के विरुद्ध सिविल लाइन थाना रामपुर में शिकायत दर्ज कराया जिस पर जांच की जा रही है।

# चैम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास ने प्रधानमंत्री से रेल टर्मिनल सहित रखी कई मांग

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास ने प्रधानमंत्री के आगमन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि रायगढ़ के लिए यह अविस्मरणीय पल है और रायगढ़ में चैम्बर उनका हृदय के अन्तरतल से स्वागत करता है। साथ ही चैम्बर के सभी पदाधिकारियों और कार्यकारणी के सदस्यों का आग्रह है कि रायगढ़ की बहुत पूरानी मांग रेल टर्मिनल तथा यहां से हो कर गुजरने वाली कुछ विशेष ट्रेनों का स्टोपेज को सुनिश्चित करने का है। जिसकी स्वीकृति की आशा के साथ हम मांग करते हैं। क्योंकि रायगढ़ कला एवं संस्कार धानी के नाम से तो जाना ही जाता है। साथ ही साथ कुछ दशकों में यहां सैकड़ों की संख्या में उद्योगों की स्थापना भी हुई है। जिसके कारण यहां की आबादी और व्यापार दोनों में तेजी से विस्तार हुआ है। इस कारण से यहां के लोगों एवं व्यापार के दृष्टि से उपरोक्त मांगों की प्रासंगिकता बढ़ जाती है और व्यापार का मुख्य कारक उस स्थान से देश के अन्य भाग की कनेक्टिविटी होती है। इसलिए हमारा आग्रह है कि यहां रेल टर्मिनल की स्थापना की जाए, ताकि बिलासपुर से जो ट्रेने देश के अन्य भाग को जोड़ती हैं, उन ट्रेनों का परिचालन यहां से हो जाएगा। जिससे



यहां का व्यापार को विस्तार मिलेगा। इससे यहां के आम जन को भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त यहां के लोगों को भी यहां से देश के किसी भी कोने में जाने के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। यही कारण है कि पूर्व से यह मांग रायगढ़ के लोगों और व्यापार जगत द्वारा निरंतरता से किया जा रहा है। इन मांगों को चैम्बर द्वारा भी कई बार उचित प्लैटफॉर्म पर रखा गया है। किन्तु हर बार उपरोक्त मांगों को कारण बताकर टाल दिया गया है। अत: इस बार स्वयं देश के प्रमुख हमरे धरती पर पधार रहे हैं, तो हमारी आशा है कि उपरोक्त मांगों की स्वीकृति मिलेगी।

# 30 लाख कैश के साथ रायपुर के 2 व्यक्ति गिरफ्तार, कार भी जब्त

**महासमुंद।** 30 लाख कैश के साथ रायपुर के 2 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक सिंघोडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्तर्राजीय चेक पोस्ट रेहटीखोल (छ0ग0 ओड़िसा बॉर्डर) के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी तभी बरगढ़ ओडिसा की तरफ से एक सफेद रंग की मारूति सुजूकि वेगेनार क्रमांक ब्ळ 04 डब् 9573 तेज रफ्तार से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी। उक्त वाहन को चेक पोस्ट के पास रोका गया।




कार में दो व्यक्ति बैठे मिले। जिससे पूछताछ करने पर ड्राईवर सीट पर बैठा व्यक्ति ने अपना नाम (01) शेख कासीम पिता शेख जिलानी उम्र 35 वर्ष साकिन पंजाब टायर के पीछे मौहदापारा रायपुर जिला रायपुर एवं बगल सिट पर बैठा व्यक्ति अपना नाम (02) आलोक कुमार अग्रवाल पिता प्रहल्लाद अग्रवाल उम्र 42 वर्ष साकिन मकान नंबर 575 वार्ड नंबर 37 राधा कृष्ण मंदीर के पास समता कालोनी रामसागर पारा थाना आजाद चौक रायपुर जिला रायपुर छ0ग0 का निवासी होना बताये। ड्रायवर सीट के बगल में बैठे व्यक्ति से पुछताछ करने पर बरगढ उडिसा तरफ से व्यवसाय के सिलसिले में बरगढ से रायपुर की ओर जाना बताये जिस पर वाहन की चेकिंग करने पर बगल में बैठे व्यक्ति आलोक कुमार अग्रवाल को सामने पैर के पास रखे झोले में क्या है पुछताछ करने पर थैले में नगदी रकम होना बताया। पुलिस टीम को सही तरीके से जवाब नही देने व जवाब गोलमोल व संतोषप्रद नही पाये जाने अलोक कुमार अग्रवाल से सामने पैर के पास रखे थैले को खुलवाकर चेक करने पर तथा उक्त थैले को बैठे हूये व्यक्ति से खुलवाकर चेक किये जिसमें 3080000 कैश रखे मिला।

उक्त नगदी रकम के संबंध में पुछताछ करने पर संबलपुर उडिसा के गांव में धागा एवं रंग का कारोबार करना तथा दिये गये उक्त सामानो का रूपये इक्ट्ठा कर रायपुर ले जाना बताया जिस पर आलोक कुमार अग्रवाल को उक्त नगदी रकम के संबंध में नोटिस दिया गया जिसके द्वारा उक्त रूपये के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज नही होना बताया। दोनो व्यक्ति आचरण संदिग्ध था।

# प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रायगढ़ दौरे को लेकर पार्किंग और मार्ग डायवर्सन की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरूवार 14 सितंबर को रायगढ़ जिले के कोड़ातराई हेलीपैड में शासकीय कार्यक्रम एवं आमसभा कार्यक्रम का आयोजन होना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने छत्तीसगढ़ के कई जिलों से पार्टी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण सम्मिलित होंगे। प्रधानमंत्री के प्रवास के दौरान सुगम सुरक्षित आवागमन के लिए रायगढ़ पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं सुरक्षित मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था के लिये यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा मार्ग डायवर्सन पॉइंट, मार्ग प्रतिबंधित पॉइंट एवं वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम की तिथि 14 सितंबर को कोड़ातराई जाने वाला मार्ग भारी वाहनों के लिये पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। कार्यक्रम तिथि 14 सितंबर को एनएच-53 के अलावा अन्य मार्गों से रायगढ़ में प्रवेश करने




वाले सभी भारी वाहन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रवेश निषेध रहेगा। इसी प्रकार खरसिया से रेंगालपाली मार्ग एवं खरसिया से छातामुड़ा होते हुए सारंगढ़ मार्ग भारी वाहनों के आवागमन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों के वाहनों के पार्किंग हेतु 13 पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया है ।

## ऐसे समझे पार्किंग व्यवस्था

कार्यक्रम स्थल के समीप बनाये गये पार्किंग 01 एवं 02 व्हीव्हीआईपी तथा पार्किंग नं.03 शासकीय वाहन एवं पास धारित मीडिया पार्किंग होगी। शेष पार्किंग 04 से 13 तक आमजन के लिये निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में रामपुर, कोरबा, धरमजयगढ़, लैलुंगा, खरसिया, जांजगीर, सक्ती विधानसभा की ओर से आने वाली वाहनें रायगढ़ के छातामुड़ा चौक से होते हुए सहदेवपदली पटेलपाली होकर कोड़ातराई पहुंचकर हाई स्कूल कोड़ातराई के पीछे स्थित पार्किंग नं.13 में पार्क होंगी। बिलाईगढ़, सारंगढ़, चन्द्रपुर, पामगढ़, अकलतरा से आने वाली वाहनें बड़े भंडार, सूपा, चिखली, तेतला होते हुए ग्राम सुर्री के पार्किंग स्थल 9, 10 एवं कोड़ातराई के पार्किंग स्थल 11 एवं 12 पर पार्क होंगे। बसना, सराईपाली, बरमकेला, सरिया की ओर से आने वाली वाहनें सूरजगढ़, पडिगांव, मचिदा, ओड़ेकेरा, पुसौर, तड़ोला, झारमुड़ा होकर ग्राम हुए ग्राम सुर्री एवं कोड़ातराई के पार्किंग स्थल 6,7 एवं 8 पर पार्क होंगी। इसी प्रकार सभी तरफ से आने वाली दो पहिया वाहनें कोड़ातराई के भागवत मैदान पार्किंग नं. 05 में पार्क होंगी। सभी विधानसभा क्षेत्र से आने वाले पार्टी पदाधिकारियों की चार पहिया वाहनें कोड़ातराई कार्यक्रम स्थल पर पुसौर रोड स्थित बिजली विभाग के कालोनी की ओर बनाये गये कोड़ातराई पार्किंग नं.पी 4 में पार्क होंगी। इन डायवर्सन पॉइंट, प्रतिबंधित मार्ग एवं पार्किंग स्थलों की जानकारी आमजन, वाहन चालकों तथा ट्रांसपोर्टर को दिये जाने हेतु ट्रेफिक पुलिस रायगढ़ द्वारा प्रेस नोट जारी कर निर्धारित किए गए रूट प्लान का पालन कर सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयोग प्रदान करने की अपील किया गया।

**माननीय प्रधानमंत्री जी के दिनांक 14.09.2023 को कोड़ातराई के कार्यक्रम स्थल पर प्रस्तावित पार्किंग व्यवस्था**

| क्र. | मार्ग | पार्किंग स्थल |
|---|---|---|
| 1. | रामपुर,कोरबा, धरमजयगढ़, लैलुंगा, खरसियां, जांजगीर, सक्ती विधानसभा की ओर से आने वाली वाहनें रायगढ़ के छातामुरा चौक से होते हुए सहदेवपदली पटेलपाली होकर कोड़ातराई पहुंचकर हाई स्कूल कोड़ातराई के पिछे स्थित पार्किंग में पार्क होंगी । | पी13 हायर सेकेंण्डरी स्कूल के पीछे |
| 2. | बिलाईगढ़, सारंगढ़, चन्द्रपुर, पामगढ़, अकलतरा से आने वाली वाहनें बड़े भंडार, सूपा, चिखली, तेतला होते हुए ग्राम सुर्री एवं कोड़ातराई के पार्किंग स्थल पर पार्क होंगी । | ग्राम सुर्री पार्किंग 9,10 एवं ग्राम कोड़ातराई पार्किंग नं 11 एवं 12 |
| 3. | बसना, सराईपाली, बरमकेला, सरिया की ओर से आने वाली वाहनें सूरजगढ़, पड़िगांव, मचिदा, ओड़ेकेरा, पुसौर, तड़ोला, झारमुड़ा होकर ग्राम हुए ग्राम सुर्री एवं कोड़ातराई के पार्किंग स्थल पर पार्क होंगी । | ग्राम कोड़ातराई पार्किंग नं. 6,7 एवं 8 |
| 4. | सभी तरफ से आने वाली दो पहिया वाहनें कोड़ातराई के भागवत मैदान पार्किंग स्थल में पार्क होंगी । | ग्राम कोड़ातराई पार्किंग नं. पी 5 भागवत मैदान |
| 5. | सभी विधानसभा क्षेत्र से आने वाले पार्टी पदाधिकारीयों की चार पहिया वाहन कोड़ातराई कार्यक्रम स्थल पर पुसौर रोड स्थित बिजली विभाग के कालोनी की तरफ से पार्किंग स्थल में पार्क होंगी । | ग्राम कोड़ातराई पार्किंग नं. पी 4 |

## वेणु थोट्टेमपुडी अथिधि 19 सितंबर से डिज्नी प्लस हॉट स्टार पर स्ट्रीम होगी




बहुमुखी अभिनेता वेणु थोट्टेमपुडी वेब श्रृंखला अथिधि से अपनी डिजिटल एंट्री कर रहे हैं। यह वेब सीरीज लोकप्रिय ओटीटी कंपनी डिज्नी प्लस हॉट स्टार स्पेशल में आ रही है। हाल ही में डिज्नी फ्लस हॉट स्टार की सेव द टाइगर्स, सैटन और दयास जैसी सीरीज सुपरहिट हुई हैं। इस पृष्ठभूमि में अतिथि से दर्शकों के बीच अच्छी उम्मीदें बन रही हैं. इस वेब सीरीज का निर्माण रैंडम फ्रेम्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्देशक भरत व्याजी द्वारा किया जा रहा है। मशहूर निर्देशक प्रवीण सत्तारु शो रनर की भूमिका निभा रहे हैं। डिज्नी ने आज अतिथि वेब श्रृंखला की स्ट्रीमिंग तिथि की घोषणा की है। अतिथि वेब सीरीज 19 सितंबर से स्ट्रीम होगी। वहीं हाल ही में रिलीज हुई अतिथि वेब सीरीज के फर्स्ट लुक ने उत्सुकता पैदा कर दी है।



## सिमरन कौर तोसे नैना मिला के नाम की लव स्टोरी के साथ टीवी पर लौटीं

टीवी एक्ट्रेस सिमरन कौर लव स्टोरी तोसे नैना मिला के का हिस्सा हैं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को अपनाने, इसकी यूएसपी, किस चीज ने उन्हें यह किरदार निभाने के लिए प्रेरित किया, इस बारे में बात की है।

एक्ट्रेस ने कहा, यह शो दो बहनों पर केंद्रित है: एक असाधारण रूप से गोरी, सुंदर और तेजस्वी है, जबकि दूसरी बहन पारंपरिक सौंदर्य मानकों पर फिट नहीं बैठती है। मैं पूर्व बहन का चित्रण करती हूं। शादी के बाद दोनों बहनें एक ही छत के नीचे रहती हैं। शो में मैं छोटे भाई से शादी करती हूं, जबकि मेरी बहन बड़े भाई से शादी करती है। अवधारणा शानदार और लेखन उत्कृष्ट है।

यह शो एक सकारात्मक संदेश देता है जो इस बात पर जोर देता है कि हम सभी अपने तरीके से सुंदर हैं।

सिमरन ने कहा, मेरे किरदार का नाम हंसिनी है, और उनके घर में उनके साथ राजपरिवार की तरह व्यवहार किया जाता है। मेरे पास लेटेस्ट आउटफिट्स पहनने का अवसर है जो किरदार की सुंदरता से मेल खाते हैं।

तोसे नैना मिला 7-8 महीने के अंतराल के बाद सिमरन की टीवी पर वापसी का प्रतीक है। उनका आखिरी शो अगर तुम ना होते खत्म होने के बाद वह वेब शो और फिल्मों में बिजी हो गईं।

एक्ट्रेस ने कहा, मैं अन्य माध्यमों को भी तलाशना चाहती हूं। किसी शो में मुख्य भूमिका निभाना बड़ी ज़िम्मेदारी के साथ आती है। शो की सफलता आपके परफॉर्मेंस पर निर्भर करती है। जब आपके फैंस किसी नए शो के आने के बारे में सुनते हैं तो वे खुश हो जाते हैं। आपका लक्ष्य अपने दर्शकों और फैंस को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करना है, और आप उनका मनोरंजन करने के लिए अपना सब कुछ देने के लिए समर्पित हैं, अक्सर 100 प्रतिशत से अधिक देते हैं।

## जॉर्जिया एंड्रियानी ने सिजलिंग पिंक आउटफिट में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की दिलकश अदाएं देख फिदा हुआ यूजर्स

### बॉलीवुड एक्टर प्रोड्यूसर अरजाब खान की गर्लफ्रेंड व मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपने ग्लैमरस अवतार से फैंस के दिलों में छाई रहती हैं.

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से बेहद हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका सिजलिंग अवतार नजर आ रहा है. जॉर्जिया ने पिंक कलर का सिजलिंग आउटफिट पहना है. ग्लोइंग मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने हेयर को लूज छोड़ा है और सेक्सी पोज दे रही हैं. मॉडल का यह किलर अवतार देख यूजर्स लट्टू हो रहे हैं और कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी की बरसात कर रहे हैं.

जॉर्जिया सोशल मीडिया में लगातार ऐक्टिव रहती हैं और उनकी ग्लैमरस तस्वीरें अक्सर लोगों का ध्यान खींचती हैं. जॉर्जिया जल्द ही अब तेलुगु फिल्म मार्टिन में आइटम डांस के साथ डेब्यू करने जा रही हैं. हाल में जॉर्जिया एंड्रियानी बॉलीवुड फिल्म नॉन-स्टॉप धमाल में एक शानदार आइटम नंबर दिल के अंदर... परफॉर्म करती नजर आई थीं. अब तेलुगु-हिंदी में बन रही फिल्म मार्टिन में वह साउथ के एक्टर ध्रुव सरजा के साथ नजर आएंगी. इमरान सरदारिया द्वारा कोरियोग्राफ किए गए इस गाने में जॉर्जिया के साथ ध्रुव सरजा हैं हैं. ध्रुव कन्नड़ सिनेमा के सितारें हैं, जो मार्टिन में लीड रोल कर रहे हैं. पिछले दिनों ध्रुव और जॉर्जिया पर यह डांस शूट हुआ है. उनके साथ लगभग 350 विदेशी डांसर शामिल थे. गाने का बजट करीब 3.5 करोड़ रुपये था. फिल्म का निर्देशन एपी अर्जुन कर रहे हैं.



## 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई जवान, जल्द 100 करोड़ी होगी ड्रीम गर्ल 2

सिनेमाघरों में इन दिनों शाहरुख खान की फिल्म जवान का जलवा देखने को मिल रहा है। फिल्म ने रिलीज के बाद ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है।फिल्म तीन दिन में ही 200 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है और इसकी कमाई का असर बाकी फिल्मों पर भी देखने को मिल रहा है।

हालांकि, वीकेंड पर गदर 2 और ड्रीम गर्ल 2 की कमाई में थोड़ी बढ़त देखने को मिली है।

एटली के निर्देशन में बनी फिल्म जवान पहले दिन 75 करोड़ रुपये के साथ शुरुआत करके अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। अब वीकेंड पर भी इसका शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है।




रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने शनिवार को 74.5 करोड़ रुपये कमाए हैं, जिसमें से 66 करोड़ रुपये का कलेक्शन हिंदी भाषा में हुआ है।ऐसे में अब फिल्म की तीन दिन की कमाई 202.73 करोड़ रुपये हो गई है। जवान भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं दुनियाभर में भी पहले दिन से ही शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने पहले दिन 129.6 करोड़ रुपये के साथ हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी ओपनिंग की थी। अब तीन दिन में यह दुनियाभर में 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा भी पार करने में सफल हो गई है।

## ब्रह्मास्त्र को एक साल पूरे होने पर बोले अयान मुखर्जी, दूसरे और तीसरे पार्ट पर चल रहा काम




फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 : शिवा को हिंदी सिनेमा में एक साल पूरा हो गया है, फिल्म निर्माता अयान मुखर्जी ने फ्रेंचाइजी के बंद होने की सभी अफवाहों को खारिज कर दिया और कहा कि ब्रह्मास्त्र की दूसरे और तीसरे पार्ट पर काम चल रहा है। ऐसी अफवाहें चल रही है कि अयान के ड्रीम प्रोजेक्ट के पार्ट दो और तीन को लेकर काम बंद कर दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सीन्स वाला एक वीडियो साझा किया और लिखा: 9 सितंबर 2022 को हमने आपको अस्त्रा की दुनिया से परिचित कराया। ब्रह्मास्त्र को पूरे 1 साल हो गए हैं। ब्रह्मास्त्र के पार्ट दो और तीन पर काम प्रगति पर है। फिल्म निर्माता ने पोस्ट को कैप्शन दिया, पहला जन्मदिन मुबारक हो, ब्रह्मास्त्र! आपकी सारी क्रिएटिविटी, कड़ी मेहनत और फिल्म निर्माण और जीवन में सभी सबक के लिए धन्यवाद!

## प्रभास भगवान राम के बाद अब निभाएंगे महादेव का किरदार, फिल्म कन्नप्पा में हुए शामिल

दक्षिण भारतीय सिनेमा के अभिनेता प्रभास इन दिनों अपनी फिल्मों की तैयारी में जुटे हुए हैं।एक ओर अभिनेता की फिल्म सालार की रिलीज तारीख में बदलाव हो गया है तो प्रशंसकों को कल्कि 2898 एडी का भी इंतजार है।इस सबके बीच अब अभिनेता के हाथ एक और फिल्म लगी है, जिसमें वह भगवान शिव का किरदार निभाने वाले हैं। ऐसे में अब प्रभास पर्दे पर भगवान राम के बाद भगवान शिव की भूमिका में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रभास विष्णु मांचू के साथ फिल्म कन्नप्पा में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसकी पुष्टि भी मांचू ने ट्वीट करके कर दी है।दरअसल, प्रभास के फिल्म में अहम भूमिका निभाने की बात सामने आ रही थी और कहा जा रहा था कि वह भगवान शिव का किरदार निभाएंगे।अब मांचू ने इस खबर वाले एक ट्वीट पर हर हर महादेव लिखा है, जिसके बाद प्रभास से प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए हैं। प्रभास और मांचू फिल्म कन्नप्पा से पहले भी साथ में काम कर चुके हैं। दरअसल, प्रभास ने मांचू की 2012 में आई फिल्म डेनिकैना रेडी के लिए वाॅयस कैमियो किया था, जो 1999 की मलयालम फिल्म उदयपुरम सुल्तान की रीमेक थी। फिल्म कन्नप्पा के लिए हाल ही में पूजा की गई थी। कहा जा रहा है कि इसमें प्रभास के साथ नुपुर सैनन नजर आएंगी।यह फिल्म भक्त कन्नप्पा के जीवन पर आधारित होगी, जो भगवान शिव के भक्त थे।



# खेल




## विराट का कोलंबो में लगातार चौथा शतक

### सचिन से तेज 77वां शतक लगाया, एशिया कप की सबसे बड़ी पार्टनरशिप की; 13 रिकॉर्ड्स

**कोलंबो।** एशिया कप में सोमवार का दिन रिकॉर्ड ब्रेकिंग रहा। कोलंबो के मैदान पर विराट कोहली ने लगातार चौथा वनडे शतक लगाया। करीब 6 महीने बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे केएल राहुल ने विराट के साथ एशिया कप की सबसे बड़ी पार्टनरशिप की। पाकिस्तान को एशिया कप इतिहास में उनकी सबसे बड़ी हार मिली। विराट कोहली ने साल 2023 में तीनों फॉर्मेट मिलाकर एक हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 12वां रन लेते ही ये रिकॉर्ड बनाया। वे इस साल तीनों फॉर्मेट में एक हजार रन का आंकड़ा पार करने वाले तीसरे भारतीय बने। उनसे पहले रोहित शर्मा (1064 रन) और शुभमन गिल (1419 रन) भी इस साल एक हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं।

विराट कोहली सबसे ज्यादा बार 350+ स्कोर बनाने वाली टीम में शामिल रहे। उनकी मौजूदगी में टीम इंडिया ने 21वीं बार 350 रनों से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया है। इस मामले में कोहली ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ा। धोनी 20 दफा 350 का स्कोर बनाने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। धोनी के बाद इस सूची में एबी डिविलियर्स (19 बार) का नाम है। विराट कोहली और केएल राहुल ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 233 रनों की पार्टनरशिप की। यह एशिया कप के इतिहास की सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। कोहली-राहुल की जोड़ी ने पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज और नसिर जमेशद की जोड़ी का रिकॉर्ड तोड़ा। इन्होंने 2012 में भारत के खिलाफ 224 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की थी। विराट कोहली सबसे तेज 13 हजार वनडे रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। विराट ने दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। विराट ने 267 पारियों में यह कीर्तिमान हासिल किया है, जबकि सचिन को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 321 पारियां लगी थीं। विराट कोहली एशिया कप में सबसे ज्यादा शतक जमाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उनके 5 शतक हो गए। ओवरऑल खिलाड़ियों में कोहली दूसरे नंबर पर हैं, उनसे ज्यादा 6 शतक श्रीलंका के सनथ जयसूर्या ने लगाए हैं। विराट श्रीलंका में सबसे ज्यादा सेंचुरी जमाने वाले विदेशी बैटर्स की सूची में सचिन तेंदुलकर की बराबरी पर आ गए हैं। उनके नाम 26 पारियों में 5 शतक हैं। जबकि सचिन तेंदुलकर ने 44 पारियों में 5 शतक जमाए हैं। विराट कोहली इंटरनेशनल करियर में सबसे तेज 77 शतक जमाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। तेंदुलकर को इतने शतक बनाने के लिए 593 पारियां लगी थीं, जबकि कोहली ने 561 पारियों में यह अचीवमेंट हासिल किया।



**सबसे ज्यादा 350+ टीम स्कोर में शामिल होना**

| खिलाड़ी | देश | मैच |
|---|---|---|
| विराट कोहली | भारत | 21 |
| एमएस धोनी | भारत | 20 |
| एबी डिविलियर्स | साउथ अफ्रीका | 19 |
| ऑएन मॉर्गन | इंग्लैंड | 19 |

### रोहित ने केएल राहुल की तारीफ की

## टॉस से 5 मिनट पहले हमने उससे कहा तैयार हो जाओ, ग्राउंड स्टाफ का भी आभार जताया

**कोलंबो।** पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने चोट से वापसी कर रहे केएल राहुल की तारीफ की। पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में रोहित शर्मा ने कहा, विराट की पारी शानदार थी और केएल, आखिरी मिनट में चोट से उबरकर टॉस से 5 मिनट पहले खेलने के तैयार हुए। हमने उससे टॉस से 5 मिनट पहले कहा कि तैयार हो जाओ। ये खिलाड़ी (राहुल) की मानसिकता को दर्शाता है। ओपनर्स और फिर विराट और केएल के साथ बहुत सारी पॉजिटिविटीज थीं।

### कल से ही यह शानदार प्रदर्शन था- रोहित

पाकिस्तान के खिलाफ रोहित (56 रन) ने ओपनिंग करते हुए अर्धशतक लगाया, उनके जोड़ीदार शुभमन गिल (58 रन) ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। रोहित ने कहा, कल से ही यह शानदार प्रदर्शन था। जब हमने शुरुआत की, तो हमें पता था कि विकेट अच्छा है और हमें बारिश के साथ तालमेल बिठाना होगा।



अगले ग्राफिक में देखें पाकिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा और शुभमन गिल का परफॉर्मेंस...

### बुमराह ने दोनों तरफ स्विंग की- रोहित

चोट से वापसी कर रहे बुमराह का जुलाई 2022 के बाद यह पहला वनडे मैच था। उन्होंने इमाम उल हक का विकेट लिया। रोहित ने कहा, वो (बुमराह) अच्छा लग रहा था। उसने दोनों तरफ स्विंग की और पिछले 8-10 महीनों में उसने वास्तव में कड़ी मेहनत की है।

**ग्राउंड स्टाफ की तारीफ की**

रोहित ने कहा, हमें बस थोड़े गेम टाइम की जरूरत थी, हमें गेम टाइम मिला। यह मुकाबला ग्राउंड स्टाफ की वजह से ही संभव हो सका। मुझे मालूम है, पूरे मैदान को ढकना और कवर हटाना कितना मुश्किल काम है।

## भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत, एशिया कप में 228 रन से हराया

### कुलदीप को 5 विकेट, कोहली-राहुल ने लगाए शतक

**कोलंबो।** भारत ने पाकिस्तान पर अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की। टीम ने वनडे एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान को रिकॉर्ड 228 रन से हराया। इससे पहले 2008 में भारत ने पाकिस्तान को 140 रन से मीरपुर के मैदान पर हराया था। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में दो विकेट पर 356 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान 32 ओवर में 128 रन ही बना सका। टीम से नसीम शाह और हारिस रऊफ इंजरी के कारण खेलने नहीं उतरे। मैच के बाद सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट किया- टीम इंडिया के टॉप-6 बल्लेबाज रोहित, शुभमन, विराट, राहुल, ईशान और हार्दिक पूरी तरह फॉर्म में आ चुके हैं, जो सुखद संकेत है।



कोहली की सचिन से तेज 47वीं सेंचुरी- विराट कोहली ने सबसे तेज 47वां वनडे शतक लगाया। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। सचिन ने 47वां शतक 435वीं पारी में जमाया था, जबकि कोहली ने 267वीं पारी में ही ये कर दिखाया। एशिया कप में पाकिस्तान की सबसे बड़ी हार- 228 रन की हार एशिया कप में पाकिस्तान की सबसे बड़ी हार रही। इससे पहले टीम को श्रीलंका ने 2008 में कराची के मैदान पर 64 रन से हराया था। एशिया कप में भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत 1984 में आई थी। तब शारजाह के मैदान पर टीम ने 54 रन से मैच जीता था। कोहली-राहुल ने की एशिया कप की सबसे बड़ी साझेदारी- विराट कोहली और केएल राहुल ने एशिया कप की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया।

**एक नजर**

## खिलाड़ियों के परिवार वालों से कराया वर्ल्डकप टीम का ऐलान

### केन विलियमसन वर्ल्ड कप में होंगे न्यूजीलैंड टीम के कप्तान, बोल्ट की वापसी

भारत की मेजबानी में 5 अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड की टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के परिवार वालों से टीम का ऐलान कराया है। बोर्ड ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका वीडियो पोस्ट किया है। टीम की कप्तानी चोट से वापसी कर रहे केन विलियमसन के पास रहेगी। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। पिछली बार की रनर-अप न्यूजीलैंड टीम का पहला मुकाबला 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से होगा।


वनडे में न्यूजीलैंड के लिए केन विलियमसन
164 मैच | 6554 रन | 80.97 स्ट्राइक रेट | 100/50 : 13/42

### वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम

केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम (उपकप्तान, विकेटकीपर), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी और विल यंग।

### विलियमसन ने अप्रैल में कराई थी सर्जरी

IPL 2023 के पहले मुकाबले (31 मार्च 2023) में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के खिलाफ बाउंड्री लाइन पर कैच लेने की कोशिश में विलियमसन चोटिल हो गए थे। उनके दाएं घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद वो पूरे लीग से बाहर हो गए थे। लीग से बाहर होने के बाद विलियमसन न्यूजीलैंड लौट गए और अप्रैल में उनकी सर्जरी हुई। IPL के इस सीजन में वो गुजरात टाइटन्स टीम के हिस्सा थे।

### श्रीलंका में क्यों इस्तेमाल नहीं होते सुपर सॉपर

## 60 ग्राउंड स्टाफ कवर लगाने और पानी हटाने का काम करते हैं, इनकी रफ्तार मशीन से तेज

**कोलंबो।** एशिया कप का मौजूदा सीजन विवादों और बारिश के कारण चर्चा में रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ पहला मुकाबला बारिश के कारण पूरा नहीं हुआ, तो दूसरे मुकाबले का रिजल्ट दो दिन में आया। इन विवादों के बीच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम का ग्राउंड स्टाफ जमकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी तारीफ भी खूब हो रही है। मूसलाधार बारिश के बाद वे जिस तेजी से ग्राउंड को खेलने लायक बना दे रहे हैं वह लोगों को हैरान कर रहा है। आम तौर पर बारिश के बाद पानी सुखाने के लिए सुपर सॉपर नाम की मशीन का इस्तेमाल होता है, लेकिन प्रेमदासा के ग्राउंड स्टाफ बिना मशीन के यह काम कर रहे हैं। वह भी मशीन से तेज।



# एटीएम कार्ड बदलकर दो लाख रूपये धोखाधड़ी करने के दो आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



एटीएम कार्ड बदलकर दो लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय एटीएम फ्राड गिरोह के दो आरोपियों को घटना के महज तीन घंटे के भीतर कोरबा पुलिस ने नाकेबंदी से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कांफ्रेंस हाल में पत्रकारों से मामले का खुलासा करते हुये नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा रॉबिनसन गुडिया ने बताया गत दिवस ग्यारह सितंबर को प्रार्थी आशीष कांत पाल पिता अवनीकांत पाल उम्र 67 वर्ष निवासी नेहरुनगर एमआईजी-71 चौकी मानिकपुर जिला कोरबा के द्वारा पुलिस चौकी सीएसईबी थाना सिविल लाईन रामपुर जिला कोरबा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि प्रार्थी बालको प्लांट से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। प्रार्थी के नाम पर आईसीआईसीआई बैंक टीपी नगर कोरबा में खाता है। उक्त खाते में प्लेटिनम डेबिट कार्ड आवंटित हुआ है। अपने निजी कार्य हेतु रकम की आवश्यकता होने पर ग्यारह सितंबर को सुबह लगभग दस बजे बुधवारी बाजार कोरबा स्थित एसबीआई एटीएम में रकम आहरण करने गया था। एटीएम में रकम आहरण करने के लिये जैसे ही मैने अपना एटीएम कार्ड मशीन में डाला, उसके बाद एटीएम मशीन में कुछ एरर आ गया तथा मेरे द्वारा दिये गये कमाण्ड को नहीं ले रहा था। उसी समय एक लड़का एटीएम कक्ष में आकर प्रार्थी को बोला कि आपके कार्ड में कोई गड़बड़ी हो गई होगी ए मैं अपना कार्ड डालकर देखता हूं कहकर प्रार्थी के एटीएम कार्ड उसने मशीन से निकाला और अपना कार्ड डालकर देखा। किन्तु उसमें भी एरर बताने लगा, फिर वह लड़का प्रार्थी के एटीएम कार्ड को लौटाते हुये एक कार्ड दिया और चला गया। कुछ देर में प्रार्थी के मोबाईल पर एक लाख रूपये आहरण हो जाने का मैसेज आया। तब तत्काल बैंक प्रबंधन को फोन कर अपना कार्ड ब्लॉक करने हेतु सूचना दिया। इसी दौरान पुनः एक लाख रुपये खाते से आहरण हो गया। फिर प्रार्थी को एहसास हुआ कि बुधवारी एटीएम में मिला लड़का उनकी मदद करने के बहाने छलपूर्वक एटीएम कार्ड को बदलकर अपना कार्ड दे दिया और प्रार्थी के एटीएम कार्ड से दो लाख रूपये आहरण कर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 412/2023 धारा 420.120 ;बी, मायवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक कोरबा उदय किरण ए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा रॉबिनसन गुड़िया एवं थाना प्रभारी सिविल लाईन रामपुर साथ में प्रभारी सायबर सेल कोरबा को दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर साइबर सेल की टीम चौकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक नवीन पटेल द्वारा अपने अधिनस्थ स्टाफ आरक्षक देवनारायण कुर्रे, गोपीराम दिव्य, हेराम चौहान को साथ लेकर घटनास्थल का सीसीटीवी फ ुटेज खंगाल कर संदिग्ध आरोपियों की पहचान तत्परता से किया गया। टीम के द्वारा कोरबा जिले के सम्पूर्ण थाना चौकी क्षेत्र में नाकेबंदी कराया गया तथा संदिग्धों का फ ोटोग्राफ विभागीय तौर पर प्रसारित किया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस थाना कटघोरा क्षेत्र में निरीक्षक अश्वनी राठौर, सउनि रफ ीक खान, आरक्षक महेन्द्र चन्द्रा, रमेश कश्यप के द्वारा आरोपीगण के पुनः ठगी करने के प्रयास में पंजाब नेशनल बैंक एटीएम के पास एक आरोपी विक्रम उर्फ संदीप जाट को पकड़ा गया। जिनके अन्य साथियों की पतासाजी के दौरान दुसरा आरोपी शाहिद खान को बस से लुकछिप कर भागने के दौरान ग्राम बरीदखार गुरसिया थाना बांगो क्षेत्र में यातायात पुलिस चेकिंग पार्टी क्रमांक 02 में पदस्थ सउनि सुदामा पाटले, प्रधान आरक्षक साहेबराम खटकर आरक्षक आलोक पाण्डेय, संतोष रात्रे की टीम द्वारा पकड़ा गया है। पकड़े गये आरोपीगण शाहीद खॉन एवं विक्रम गोदारा से पृथक.पृथक पूछताछ पर पता चला है कि उक्त अपराधियों के द्वारा इस अपराध के अतिरिक्त महारानी बाग थाना क्षेत्र नई दिल्ली में सत्तर हजार रूपये का, पुलिस थाना गोविन्दपुरी क्षेत्र नई दिल्ली में आर्म्स एक्ट के तहत, पुलिस थाना रेवाडी दिल्ली एनसीआर में पचासी हजार रूपये, पुलिस थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र पानीपथ दिल्ली एनसीआर में एक लाख चौंतीस हजार रूपये, पुलिस थाना बगरू जिला जयपुर राजस्थान में अस्सी हजार रूपये एवं निवाड़ी जिला अलवर राजस्थान तीस हजार रूपये तथा पैंसठ हजार रूपये के दो मामले, पुलिस थाना मुजेसर जिला फ रीदाबाद हरियाणा, में तीन- चार बार तथा पुलिस थाना 28 सेक्टर जिला फरीदाबाद हरियाणा, में एक बार पुलिस थाना समालखा जिला पानीपथ क्षेत्र में दो लाख रुपये का एटीएम फ्रॉड का अपराध घटित करना स्वीकार किया है। अभी गत दिवस दस सितंबर को अंबिकापुर में चालीस हजार रुपये एवं कोरबा बुधवारी बाजार में प्रार्थी से दो लाख रुपये को एटीएम कार्ड बदलकर आहरण कर ठगी करना भी स्वीकार किये है। आरोपीगण के कब्जे से घटना घटित करने हेतु लाये गये कुल 47 नग पुराने एटीएम कार्ड तथा प्रार्थी से ठगी किया दो लाख रुपये मुताबिक जप्ती पत्रक के पुलिस ने जप्त कर लिया है। चौकी पुलिस सीएसईबी थाना सिविल लाइन रामपुर कोरबा पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में संयुक्त पुलिस टीम में साइबर सेल कोरबा, चौकी सीएसईबी थाना सिविल लाईन रामपुर, थाना कटघोरा, यातायात पुलिस की सराहनीय भूमिका रही है।

### गिरफ्तार आरोपी

***शाहीद खान हुसन पिता आमीन उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम धागोट पोआ अलावलपुर थाना चांदहट पलवल जिला पलवल हरियाणा, और विक्रम गोदारा उर्फ संदीप पिता स्व. अशील कुमार जाति जाट उम्र 34 साल निवासी ग्राम सुरखपुर सुर्खपुर पो.आ. जोनडीह थाना दुजाना जिला झझर हरियाणा।***

## एक नजर

### पेंड्रा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी को मिली निरीक्षक पद पर पदोन्नति

* 15 अगस्त में उत्कृष्ट थाना प्रभारी के रूप में सम्मानित हो चुके

जोहार छत्तीसगढ़-पेण्ड्रा।



छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक पदोन्नति आदेश में पेंड्रा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी को निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली है। थाना प्रभारी पेंड्रा के रूप में पदस्थ उप निरीक्षक धर्म नारायण तिवारी को बीते 15 अगस्त 2023 को जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा उत्कृष्ट थाना प्रभारी के रूप में कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया एवं जिले के प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया था। धर्म नारायण तिवारी थाना प्रभारी पेंड्रा के रूप में अपराधिक घटनाओं के रोकथाम में आगे रहे हैं तथा जनता से उनका सरल सहज व्यवहार है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद की अंतिम मूल्यांकन सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खर्राघाट वार्ड क्रमांक 21 में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत अनंतिम सूची जारी की गई है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 22 सितम्बर 2023 तक दावा-आपत्ति आवेदन सीधे परियोजना कार्यालय में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

### जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला 15 सितम्बर को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 15 सितम्बर 2023 को शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, पंजरी प्लांट रायगढ़ में किया जाएगा। जिसमें आयुर्वेद एवं होम्योपैथी एवं योग चिकित्सा द्वारा निःशुल्क उपचार कर औषधिक वितरण किया जाएगा।

### अंशकालीन सफाईकर्मी के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा** । कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना कोरबा अंतर्गत अग्निशमन केन्द्र हेतु सफाई कर्मी (स्वीपर) अंशकालीन के एक पद पर भर्ती हेतु आवेदन 19 सितंबर से 30 सितंबर 2023 तक आमंत्रित किया गया है। आवेदन कर्ता की शैक्षणिक योग्यता पांचवी पास एवं आयु सीमा 19 वर्ष से 40 वर्ष होनी चाहिए। आवेदन कर्ता आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना कोरबा छ.ग. के पते पर भेज सकते हैं या स्वयं उपस्थिति होकर कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेन कोरबा से संपर्क किया जा सकता है।

### नवीन शासकीय महाविद्यालय उमरेली का उद्घाटन 14 को

**कोरबा** । नवीन शासकीय महाविद्यालय उमरेली का उद्घाटन 14 सितंबर को दोपहर 12 बजे शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल उमरेली में विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा।

## समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जारी

**कोरबा** । समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन हेतु जिले में किसानों का पंजीयन जारी है। जारी निर्देशों के तहत नवीन कृषक पंजीयन के पश्चात संशोधन हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि 30 सितम्बर 2023 तक निर्धारित किया गया है। पंजीयन के दौरान समिति और कृषकों द्वारा निम्न प्रक्रिया अपनाई जानी है-कृषक के आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन करना, कृषक के आवेदन अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल पर सहकारी समिति द्वारा कृषक का पंजीयन की कार्यवाही करना, नवीन पंजीयन एवं संशोधन के लिये कृषक आवश्यक दस्तावेज ऋण पुस्तिका, बी-1 आधार नम्बर बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ प्राप्त कर सकेगा। सहकारी बैंक के नोडल् अधिकारी ने बताया कि विगत खरीफ वर्ष 2022-23 में पंजीकृत किसानों को अगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए पंजीकृत माना जाए एवं इसके लिए विगत खरीफ वर्ष 2022 - 23 में पंजीकृत किसानों की दर्ज भूमि एवं धान के रकबे एवं खसरे को राजस्व विभाग के माध्यम से अद्यतन कराया जाये। योजना के अंतर्गत पूर्व वर्ष के पंजीकृत कृषकों को सहकारी समिति द्वारा साफ्टवेयर के लॉगिन में मैन्युअली कैरीफारवर्ड किया जाएगा। किसान द्वारा कोई संशोधन हेतु आवेदन दिनांक 30 सितम्बर 2023 तक समिति में प्रस्तुत नही किया जाता है तो समिति द्वारा पूर्व वर्ष के पंजीकृत कृषकों की जानकारी खरीफ वर्ष 2023-24 के लिये किसान पंजीयन हेतु कैरीफारवर्ड किया जा सकेगा।

# उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रोशन लाल पटेल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सम्मानित

जिला स्थापना प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर मुख्य अतिथि ने किया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



सक्ती जिला स्थापना के प्रथम वर्षगांठ पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर परिसर जेठा के प्रांगण में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. चरणदास महंत विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने कर्मचारियों को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कृषि विभाग से रोशन लाल पटेल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय उप संचालक कृषि सक्ती को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विकास खंड मालखरौदा से आशीष पटेल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को भी प्रसस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कृषि विभाग कर्मचारियों के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त किया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने अधिकाधिक संख्या में पहुंचे- विकास केडिया

मोदी की करिश्माई नेतृत्व में भारत पुनः विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



आगामी 14 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी नगरी रायगढ़ की पावन धरा पर आगमन हो रहा है जिसके लिए जिला प्रशासन सहित प्रदेश और रायगढ़ जिला भाजपा के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्तागण पूरी शिद्दत से तैयारियों में जुटे हुए हैं ताकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोड़ातराई में होने वाली जनसभा को ऐतिहासिक और यादगार बनाया जा सकें। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष विकास केडिया ने रायगढ़ के सभी प्रमुख सामाजिक, धार्मिक और व्यासायिक संस्थाओं के साथ साथ रायगढ़ की आम जनता से करबद्ध अपील करते हुए कहा कि ये हमारे रायगढ़ के सौभायशाली अवसर है कि आज पूरी दुनिया में अपनी असाधारण और करिश्माई नेतृत्व का लोहा मनवा चुके देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार रायगढ़ आगमन हो रहा है जिसमें आप सभी रायगढ़वासियों को अधिक से अधिक संख्या में सभा स्थल में पधारकर इस जनसभा को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने में अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। आगे जारी विज्ञप्ति में भाजपा नेता केडिया ने कहा कि इस ऐतिहासिक जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न विकास परियोजनाएं की आधारशिला रखेंगे, जो आने वाले समय में रायगढ़ सहित पूरे छत्तीसगढ़ को देश के मानचित्र में विशिष्ट रूप से स्थापित करने में सहायक होगा और ऐसे अवसर का रायगढ़ की आम जनता को जरूर साक्षी बनना चाहिए। आगे केडिया ने यह भी कहा कि यह समूचे रायगढ़ अंचल के लिए गौरवशाली अवसर है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी आगमन हमारी संस्कारधानी नगरी में हो रहा है और हमें इतने करीब से उन्हें देखने और सुनने का सुअवसर प्राप्त हो रहा हैए जिनकी करिश्माई नेतृत्व की वजह से आज पूरी दुनिया में हमारे देश का डंका बज रहा है और हमारा देश भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है, ऐसे में रायगढ़ वासियों से मेरा करबद्ध निवेदन है कि वे तय समय से करीब घंटा भर पूर्व ही सभास्थल पहुंच जाए और अपना स्थान ग्रहण कर ले ताकि जिला प्रशासन को इस ऐतिहासिक जनसभा को सुचारू और निर्बाध रूप से संचालित करने में कोई दिक्कत न हो।

# विधायक सिंह के पट्टा सरकार को वापस कर देने मात्र से ही विवाद नहीं थमेगा, कार्यवाही नहीं होते तक जिज्ञाशा रहेगा

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।




पत्थलगांव विधायक रामपुकार सिंह के नाम मात्र से जहां आम जन मानस में सीधे साधे छवि उभर कर आती थी वह आज पुरे प्रदेश में छलावा और सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। जिसमें बगैर काबिज होने के बावजूद वन अधिकार पट्टा मिलने के बाद उपजे विवाद ने पत्थलगांव की राजनीति का पारा बढ़ा दिया है। विपक्ष ने इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेरना शुरू करते ही विधायक रामपुकार सिंह ने वन अधिकार पट्टा सरकार को वापस करने का शपथ पत्र दे दिया।अब इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है की आखिरकार यह वन अधिकार पट्टा विधिवत तरीके से रामपुकार को आबंटित किया गया था तो फि र फर्जीवाड़ा कर वन अधिकार पट्टा लेने का विवाद गहराते ही प्रदेश के सबसे वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह को इस पट्टे को वापस क्यों करना पड़ा, सिर्फ वन अधिकार पट्टा को वापस कर देने भर से इस फर्जीवाड़ा वन अधिकार पट्टा का विवाद थम नहीं सकता जबकि विधायक द्वारा वन अधिकार पट्टा वापस क र देना ही इस खेल में फर्जी काम होने को प्रमाणित कर दिया है यदि वे सही रहते तो उनको वैधानिक तौर पर शासन से मिले वन अधिकार पट्टा पर जब से फर्जीवाड़ा का विवाद शुरू हुवा अपने आप को सही साबित करते हुवे वन अधिकार पट्टा वितरण से सम्बन्धित समस्त वैध कागजात को सामने लाकर फर्जी वन अधिकार पट्टा को लेकर मुखर हो रहे विपक्ष के मुह पर करारा जवाब मारना था परन्तु उन्होंने एसा न कर अपने आप को फर्जी वन अधिकार पट्टा दोषमुक्त करने के बजाय इस मामले में अपनी भूमिका को लेकर संदेह पैदा कर दिया हैं। अब जिस तरह विधायक रामपुकार सिंह ने वन अधिकार पट्टा सरकार को वापस करने का शपथ पत्र दिया उसके बाद कांग्रेसियों में उन्हें क्षेत्र का मशीहा बनाने और दिखाने की होड़ सी मच गई है उनके समर्थक उनके पक्ष में उनके द्वारा निजी भूमि से कुछ डिसमिल प्रजापति ब्रम्हकुमारी संस्था को दान में देने और पत्थलगांव में कई व्यवसायियों को बगेर रजिस्ट्री के बसाने का हवाला देने का मिशाल दे रहे है । देना भी चाहिए क्योंकि ये सब उनकी निजी भूमि थी इस पर उनका कब्जा तो क्या उनका ही हक है वे चाहे तो रखे या फि र किसी को भी दान दे लेकिन यहा बात छोटे बड़े झाड़ जंगल भूमि की हो रही जहा उनका कब्जा ही नहीं था आरोप है की फर्जी तौर पर अपने चहेते ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, पंचायत के सरपंच, उपसरपंच और जिम्मेदार अधिकारियों की शह पर वन अधिकार पट्टा अपने नाम पर आबंटित करवा लिया गया। यही वजह है की वन अधिकार पट्टा को शासन को वापस देने का एलान के बावजूद यह विवाद थमने की बजाए और गहराती नजर आ रही है ,पालीडीह पंचायत में पहली बार ग्रामीणों का भारी विरोध देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने इस मुद्दे को लेकर पंचायत के प्रतिनिधियों को घेरना शुरू कर दिया है उनका कहना है आज से पूर्व पंचायत कार्यकाल में ऐसा कभी नहीं हुआ है जिसमें कोई भी गुप चुप तरीके से ग्राम प्रस्ताव तैयार किया गया हो और ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई हो,ग्रामीणों के एकजुट होकर वन अधिकार पट्टा को निरस्त करने की मांग करते हुए पंचायत सभा पंजी में हस्ताक्षर प्रस्ताव में विरोध के सामने पंचायत झुकती नजर आई और आखिरकार पालीडीह पंचायत के अंतर्ग्रत समस्त जारी वन अधिकार पट्टा को निरस्त करने का फैसला किया गया है।

### यह कार्यकाल इतिहास के पन्नो में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जायेगा

पत्थलगांव विधायक रामपुकार सिंह का वर्तमान कार्यकाल इतिहास के पन्नो में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जायेगा जिसमे सबसे प्रमुख पालीडीह पंचायत में बगेर कब्जे के जारी वन अधिकार पट्टा को निरस्त करने का मामला समेत उनके चहेते अध्यक्ष द्वारा अन्य पंचायत में वन अधिकार पट्टा लेने का मामला प्रमुख रहेगा। इस कार्यकाल में यह भी स्पष्ट अंकित रहेगा की तमाम विरोध के बावजूद फ र्जीवाड़ा कर वन अधिकार पट्टा जारी करने वाले जिम्मेदार पंचायत प्रतिनिधि,जिम्मेदार अधिकारी और जिम्मेदार चापलूस कार्यकर्ता पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने के बजाय उन्हें उपहारों से उपकृत किया गया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उपज रहा असंतोष

एक तरफ रामपुकार सिंह द्वारा वन अधिकार पट्टा सरकार को वापस करने का शपथ पत्र देते ही विपक्ष द्वारा ब्लाक कांग्रेस और नेता को भी मिले वन अधिकार पट्टा को सरकार को वापस करने का मुद्दा उठाया जा रहा है वही दूसरी तरफ कांग्रेस में भी इस मामले को लेकर कम हलचल नहीं है वहीं भीतर से यह बात भी निकलकर आ रहे हैं ब्लाक कांग्रेस पत्थलगांव के सोशल मिडिया ग्रुप में कांग्रेस के कार्यकर्ता इस मामले में ब्लाक कुछ नामचीन नेता के इस्तीफा तक की माग करते हुवे गौ पालन के नाम पर पट्टा लेने का आरोप लगाते नजर आ रहे है उनका कहना है की जिस तरह विधायक ने वन अधिकार पट्टा सरकार को वापस कर एक नाजिर पेश की है उसी तरह अन्य नेताओं को भी पहल करनी चाहिए बहरहाल वन अधिकार पट्टा सरकार को वापस कर देने मात्र से ही यह विवाद कम नहीं होता नजर आ रहा है। इस मामले में जब तक जिम्मेदार ग्राम जांच अधिकारी और इस मामले जुड़े उच्च अधिकारी पंचायत प्रतिनिधि पर जांच नहीं बैठ जाती पुरे मामले की सच्चाई आम जन मानस के सामने नहीं आ जाती तब तक सवाल युही उठते रहंगे और दोषियों को चुभते रहेंगे।

# छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने पचास विधानसभा क्षेत्रों में उतारे प्रभारी

** चुनाव के मद्देनजर कर रहे आकलन कार्य * दमदार छत्तीसगढ़ियों को भेजा जाएगा सदन*

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।



विगत आठ वर्षों से लगातार छत्तीसगढ़ियावाद के लिये संघर्षरत संगठन छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने इस बार अपना मजबूत राजनैतिक विंग तैयार कर लिया है। क्रान्ति सेना का कहना है कि छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के हक अधिकार की जमीनी लड़ाई लड़ते हुए हमलोग लगातार जेल जाते रहे। प्रताड़ना सहते रहे और प्रदेश में छत्तीसगढ़ियावाद को केंद्रीय मुद्दा बनाने में सफ ल रहे। लेकिन वास्तविकता में दोनों राष्ट्रीय दल के नेता वोट बटोरने के लिये ही छत्तीसगढ़ियावाद का मुखौटा लगाकर घूमते नजर आ रहे हैं । सदन को गुमराह करते हैं और हर क्षेत्र में गैर छत्तीसगढ़िया बाहरी लोगों को हमारी धरती में हमारे सिर के उपर स्थापित करने की ठेकेदारी ही कर रहे हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना अपने बड़े बुजुर्गों के आदेश और हताश निराश छत्तीसगढ़िया युवाओं के कातर आह्वान पर इस प्रदेश के नीति-निर्धारण को अपने मजबूत छत्तीसगढ़िया कंधो में थामने के लिए छाती ठोंक कर निकल चुकी है। पहली सूची के अनुसार पंद्रह जिलों के पचास से अधिक विधानसभाओं के मूल्यांकन और खंड़ गुड़ी पार की अवधारणा के साथ बूथ लेवल तक की सुनिश्चितता के लिए मूल संगठन के राजनैतिक विंग द्वारा चयनित और प्रशिक्षित तीस जिला प्रभारी एवं उप प्रभारी अपने निर्देशित जिलों के लिये कूच कर चुके हैं। बाकी बचे जिलों के लिये द्वितियक सूची का निर्माण हो रहा है। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश संयोजक ने बताया कि हम कभी नहीं चाहते थे कि राजनीति में आएं।

राजनीति ही अगर मंजिल होती तो हम आठ साल पहले ही चुनावी समर में कूद चुके होते लेकिन छत्तीसगढ़ियों का शोषण वक्त दर वक्त बरदाश्त से बाहर होने लगा है। हमारे जैसे मूल निवासी समर्थक संगठन के उपर हो रहा प्रशासनिक उत्पीड़न चरम पर जाने लगा है। अब हमें प्रदेश के उच्च सदन छत्तीसगढ़ विधानसभा में अमीर धरती के कंगाल कर दिये गये छत्तीसगढ़िया लोगों की करुण पीड़ा की आवाज पहुंचाने के लिये खुद वहां तक पहुंच कर सत्ता की मशाल लिजलिजे लोगों से छीनकर खुद के हाथों में थामना होगा।

## एक नजर

### जिला चुनाव प्रभारी जैनेंद्र कुर्रे मस्तुरी विधानसभा में आज दौरा हुआ

सभी विधानसभा के सेनानियो कि बीच बंद कमरे में करेंगे समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़ -बिलासपुर।



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में अपनी भुमिका के लिए छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना कमर कसी हुई है , इसी के मद्देनजर प्रदेश कोर कमेटी द्वारा विभिन्न जिले में प्रभारी को बदला गया है । संगठन द्वारा विभिन्न जिले के शीर्ष पदाधिकारियों को अन्य जिले का प्रभार दिया गया है । जिसके तहत कोरबा जिले के पदाधिकारी जैनेंद्र कुर्रे का मस्तुरी विधानसभा अंतर्गत दुमुहानी में हुआ जो यहां छत्तीसगढ़िया वादी प्रत्यासी इस बार विधानसभा में जिताकर भेजने को ठाना, विधानसभा के सेनानियो से संगठन मजबूती पे जोर दिया आज मुख्य रूप से दुमुहानी, ढेका, महमंद,लालखदान,सफेदखदान का दौरा रहा।

### भारत माता मंदिर परिसर में अराजक तत्वों की उपस्थिति, हो रही शराबखोरी

**कोरबा** । कटघोरा नगर स्थित भारत माता मंदिर को नया स्वरूप देने को लेकर लिया गया संकल्प फ़िलहाल साकार नहीं हो सका है। अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ने इसकी चिंता करने के साथ नवनिर्माण प्रारंभ कराया था। परिसर में रात को अराजक तत्वों की उपस्थिति के साथ शराबखोरी हो रही है, मंदिर परिसर में बेतरतीब ढंग से पड़ी शराब की बोतल दिख जाएंगीं।

भारत माता मंदिर के भीतर प्रतिमा जैसा कुछ नहीं है लेकिन यहां अखंड भारत का मानचित्र उपलब्ध है। इसे वर्षों पहले उकेरा गया था। जिसकी पूजा अर्चना राष्ट्रीय पर्वों के अलावा अन्य मौकों पर लोग किया करते हैं। इसी नाते इस मंदिर को पहचान मिली। बीते वर्षों में देशभक्ति गीतों की प्रतियोगिता के अलावा राष्ट्रीय सरोकार से जुड़े हुए कई कार्यक्रम इस क्षेत्र में किए गए। एक कार्यक्रम के दौरान जागरूक लोगों ने पूर्ववर्ती भारत माता मंदिर की दशा और उसके स्वरूप को लेकर चिंता जताने के साथ बेहतर करने का विचार दिया और इसका दायित्व संस्कार भारती को दिया। आंशिक रूप से धन संग्रह करने के साथ निर्माण कार्य को प्रारंभ किया गया, पर अपेक्षित संसाधन की पूर्ति नहीं होने से काम को बंद करना पड़ा।

### महापौर ने साड़ा कन्या विद्यालय में छात्राओं को किया सायकल वितरण

**कोरबा** । महापौर राजकिशोर प्रसाद ने टी.पी.नगर स्थित शासकीय साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत छात्राओं को सायकल का वितरण किया। महापौर प्रसाद ने छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी।

नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी.नगर स्थित शासकीय साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती सायकल योजनांतर्गत छात्राओं को सायकल वितरण का कार्यक्रम रखा गया था। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए छात्राओं को सायकल का वितरण किया, इसके पूर्व उन्होने दीप प्रज्वलन कर वितरण समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर महापौर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, अधोसंरचनात्मक विकास, गांव, गरीब, किसान, मजदूर के हितों सहित विकास के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करते हुए गौरवशाली उपलब्धियाँ हासिल की है। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने नगर निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सभी स्कूलों के उन्नयन व जीर्णोद्धार कराने का संकल्प लिया है, राजस्व मंत्री अग्रवाल लगातार निगम क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं तथा उन्ही के मार्गदर्शन में लगातार निगम क्षेत्र में निर्माण व विकास कार्य के साथ-साथ नागरिक सेवाओं व सुविधाओं जुड़े कार्यो का संपादन निरंतर किया जा रहा है।

# लायंस क्लब्स के प्रोजेक्ट फूड फॉर हंगर के तहत किया पुड़ी सब्जी का वितरण

**कोरबा** । लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट ने पीड़ित मानवता की सेवा के पवित्र उद्देश्य की भावना से राष्ट्रीय एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित नेशनल लोक अदालत में सुदूर वनांचल क्षेत्र एवं दूर दूर से आये प्रार्थियों तथा उपस्थित जन समुदाय को इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ लायंस क्लब्स के प्रोजेक्ट फूड फॉर हंगर के तहत किया पुड़ी सब्जी का वितरण।

लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट ने पीड़ित मानवता की सेवा के पवित्र उद्देश्य की भावना से राष्ट्रीय एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित नेशनल लोक अदालत में सुदूर वनांचल क्षेत्र एवं दूर दूर से आये प्रार्थियों तथा उपस्थित जन समुदाय को इंटरनेशनल एसोसिएशन आफलायंस क्लब्स के प्रोजेक्ट फूड फॉर हंगर के तहत पुड़ी सब्जी का वितरण किया। साथ ही क्लब के अधिवक्ता सदस्य लायन संतु साहू ने लोक अदालत में आये प्रार्थियों की समस्याओं तथा परेशानियों के विषय मे जानकारी लेते हुये उन्हें निर्धारित स्थान पर जाने हेतु उन्हें उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया जिससे उनकी समस्या का निराकरण आसानी से हो सके।

इस अवसर पर लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के संरक्षक लायन सुधीर सक्सेना, अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, सचिव लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड़, लायन शांता मडावे, लायन नेत्रनन्दन साहू, लायन कमल धारिया, लायन हनी सक्सेना, लायन अश्वनी बुनकर, लायन संतु साहू, लायन मनोज मिश्रा, लायन देवेश मिश्रा एवं लायन रोहित राजवाडे ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# बिलासपुर रेंज आईजी अजय यादव ने किया डीआईजी कार्यालय रायगढ़ का उद्घाटन

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।



जिला प्रवास में आये पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर अजय यादव द्वारा बादल महल, रायगढ़ से संचालित होने जा रहे रायगढ़ रेंज डीआईजी कार्यालय का विधिवत पूजा अर्चना के बीच रिबन काटकर शुभारंभ किया गया है । विदित हो कि राज्य शासन द्वारा रायगढ़ रेंज को नया डीआईजी रेंज बनाते हुये भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रामगोपाल गर्ग की पदस्थापना की गई है, आदेश के पालन में डीआईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा रेंज का चार्ज लेकर पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ से अस्थायी रूप से डीआईजी रेंज रायगढ़ का कार्य संचालन किया जा रहा था जो अब राजापारा रायगढ़ स्थित बादल महल से संचालित किया जायेगा । बादल महल भवन में सुचारू रूप से शासकीय कार्य संचालन के लिए आवश्यक सुधार कार्य कराया गया है ।

जिले में प्रस्तावित व्हीव्हीआईपी कार्यक्रम को लेकर रायगढ़ प्रवास पर आये रेंज आईजी अजय यादव के हाथों आज एक संक्षिप्त कार्यक्रम में कार्यालय का उद्घाटन अजय यादव द्वारा किया गया । शुभारंभ कार्यक्रम में डीआईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर रायगढ़ तारण प्रकाश सिन्हा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार, सारंगढ़-बिलाईगढ़ एसपी आशुतोष सिंह, सेनानी 16 वाहिनी जितेन्द्र शुक्ला समेत जिले के एवं व्हीव्हीआईपी ड्यूटी के लिये आये अधिकारीगण व रेंज कार्यालय के स्टाफ मौजूद थे। कार्यक्रम दौरान आईजी अजय यादव द्वारा मीडियाकर्मियों से रायगढ़ रेंज के बनने से यहां आमजन को इसका लाभ मिलना बताया गया । साथ ही उन्होंने प्रस्तावित व्हीव्हीआईपी कार्यक्रम को लेकर पुलिस की तैयारियों की जानकारी भी मीडिया को दी गई ।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन प्रक्रियाओं की तिथि निर्धारित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिले में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कालेज, आई. टीआई एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत् अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्याथियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2023-24 मे छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पोस्ट पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतरद्ध के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्तावध्स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा विद्यार्थियों हेतु वर्ष 2023-24 हेतु तिथि निर्धारित की गई। जिसके अंतर्गत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने हेतु 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर, ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 15 सितम्बर से 17 अक्टूबर, स्वीकृति आदेश लॉक करने हेतु 15 सितम्बर से 20 अक्टूबर 2023 तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023.24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा एवं त्तंजि च्तवचवेंस लॉक स्वबा करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे ज्ञात हो की पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान की जा रहा है। अत: सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।

# समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्यो के लिये भगवानों को मिला सम्मान

शिक्षा,स्वास्थ्य,नशा उलमुलन,बालिका शिक्षा एवं नारी जागरण, गौसंरक्षण और धर्म जागरण सहित स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।






ग्रामीण क्षेत्र के निर्धन परिवार से ताल्लुक रखने वाले भगवानो बेहेरा इन दिनों 19 वर्षो समाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये चर्चा में है। गायत्री परिवार से जुडकर कई जनोपकारी कार्य किये हैं। जिसके लिये रमन सरकार के समय मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भी सम्मान किया था वही पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कृष्ण जन्माष्टमी में उत्कृष्ट कार्य के लिये अपने निवास में प्रशस्ती पत्र देकर सम्मान किया है।

### शिक्षा क्षेत्र में शिक्षक के रूप में नि :शुल्क शिक्षा

भगवानो बेहेरा ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरक के रूप में जहां 10 वर्षो तक 15 से 80 वर्ष तक आयु के लोगों को पढ़ा लिखा कर क्रियात्मक साक्षरता प्रदान किया वही शिक्षक की कमी पर झाखरपारा हाईस्कुल मे बतौर अतिथि शिक्षक 5 वर्षो तक नि:शुल्क शिक्षा दिया। सरकार के पढ़ना बढ़ना कार्यक्रम के समतुल्यता शिक्षा में भी गुरूजी के रूप में पढाया।वही बालिका शिक्षा के लिये नारी जागरण कार्यक्रम कर समाज में जागृति लाने का प्रयास भी किया है।

### आधे दर्जन से अधिक उत्कृष्ट कार्यो के लिये लगा दी आधी उम्र

शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं भगवानो ने स्वास्थ्य,नशा उन्मुलन,पर्यावरण संरक्षण

गौ संरक्षण,स्वच्छता आदि योजनाओं में भाग लेकर कई उत्कृष्ट कार्य किये है। पढाई के बाद से समाजिक कार्यो में लगे भगवानों ने इन कार्यो के लिये अपनी आधी उमर लगा दी।स्वच्छता मामले में इनको सामुदायी संचालित रसम्पूर्ण स्वच्छता के अंतर्गत 4 जिले के लिये मास्टर ट्रेनर बनाया गया था। जिसमे इन्होने गांव-गांव में स्वच्छता को लेकर जन जागरण किया।

### कला क्षेत्र में पारंगत युवा ने जागरण के लिये कला को बनाया ढाल

वाद्य यंत्रो और गीत को माध्यम बनाकर गांव का युवक नशा उन्मुलन, स्वच्छता और शिक्षा गौ संरक्षण के कई कार्यक्रम किये है गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज हरिद्वार से से जुड़कर जीवन निर्माण युग शिल्पी संजीवनी सत्र आदि विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज जागरण के लिये कला को ढाल बनाया है।

### क्षेत्र का पहला व्यक्ति जिसे समाजिक उत्कृष्ट के लिये मिला सात सम्मान

*भगवानो देवभोग क्षेत्र का पहला व्यक्ति है जिसे विभिन्न क्षेत्रो मे सात सम्मान मिला है। 2017में शिक्षा दान का सम्मान, 2018 में प्रेरक सम्मान, फि र सतत शिक्षा में योगदान पर सम्मान, पढ़ना बढ़ना आंदोलन के लिये जिला साक्षरता समिति द्वारा सम्मान, जनपद पंचायत द्वारा विभिन्न क्षेत्रो के लिये सम्मान, 2018 में ही छग योग आयोग द्वारा योग प्रशिक्षण के लिये सम्मान और गौ संवर्धन के लिये अखिल भारतीय गौरक्षा मंच द्वारा सम्मान को मिलाकर कुल सात सम्मान मिला है।*

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़ जिला -रायगढ़ ( छ.ग. )**

ई-कोर्ट. क्र. .../अ-02/2022-23

**साकिन-मिरीगुड़ा, प.ह.नं.10, तहसील धरमजयगढ़**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण नागरिक ग्राम-मिरीगुड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय अग्रवाल पिता स्व. कुंजबिहारी अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 11 धरमजयगढ़ तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 के तहत् ग्राम-मिरीगुड़ा, प.ह.नं.10, रा.नि.मं. कापू तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 209/11/ख/6 रकबा 0.534 हे. भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन (दुकान सह गोदाम निर्माण) हेतु दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन आदेश परित कर पुनर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/ व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18-09-2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़ जिला -रायगढ़ ( छ.ग. )**

ई-कोर्ट. क्र. ..../अ-02/2022-23

**साकिन-गोढ़ीखुर्द, प.ह.नं.55, तहसील धरमजयगढ़**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण नागरिक धरमजयगढ़ को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनुएल पिता बिचु जाति उरांव निवासी ग्राम सुपकालो तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 के तहत् ग्राम-गोढ़ीखुर्द, प.ह.नं.55, रा.नि.मं. कापू तहसील धरमजयगढ़ में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 79/1/घ रकबा 0.1050 हे. भूमि में से 0.061 हे. भूमि का दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन आदेश परित कर पुनर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/ व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18-07-2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़ जिला -रायगढ़ ( छ.ग. )**

ई-कोर्ट. क्र. ..../अ-02/2022-23

**साकिन-नकना, प.ह.नं.07, तहसील धरमजयगढ़**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम-नकना को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रजनी अग्रवाल पति अजय अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी राम मंदिर धरमजयगढ़ तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 के तहत् ग्राम-नकना, प.ह.नं.07, रा.नि.मं. कापू तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 322/12/ख रकबा 0.405 हे. भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन (दुकान सह गोदाम निर्माण) हेतु दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन आदेश परित कर पुनर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/ व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18-09-2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़ जिला -रायगढ़ ( छ.ग. )**

**ई-कोर्ट. क्र. 200309042200015/अ-02/2022-23**

साकिन-खम्हार, प.ह.नं.04, तहसील धरमजयगढ़

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम-खम्हार को सूचित किया जाता है कि आवेदिका छाया अग्रवाल पति मनोज अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी नीचेपारा धरमजयगढ़ तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 के तहत् ग्राम-खम्हार, प.ह.नं.04, रा.नि.मं. खम्हार तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 1417/2/3/घ रकबा 0.202 हे. भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन (दुकान सह गोदाम निर्माण) हेतु दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन आदेश परित कर पुनर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/ व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18-09-2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़**

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य सचिव अमिताभ जैन व डीजीपी अशोक जुनेजा

## बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए दिशा–निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 14 सितम्बर को रायगढ़ के कोड़ातराई में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करने मुख्य सचिव अमिताभ जैन व डीजीपी अशोक जुनेजा आज रायगढ़ पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार जिंदल एयर स्ट्रीप, कोड़ातराई आयोजन स्थल, रूट प्लान के साथ अन्य सभी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान प्रशासन व पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी साथ रहे।





मुख्य सचिव जैन व डीजीपी जुनेजा ने कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग, लोगों के आने–जाने के रूट के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने तैयारियों को लेकर सभी वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने तैयारियों के बारे में जानकारी दी। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आने वाली गाड़ियों और रूट प्लान के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। वहीं डीजीपी अशोक जुनेजा ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में फोर्स की तैनाती और अन्य इंतेजामों को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान एडीजीपी प्रदीप गुप्ता, आईजीपी गुप्तवार्ता डॉ.आनंद छाबड़ा, बिलासपुर संभाग आयुक्त के.डी.कुंजाम, आईजीपी बिलासपुर अजय यादव, आईजीपी डॉ.संजीव शुक्ला, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, एसएसपी सदानंद कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## वाहन चेकिंग के दौरान कार से साढ़े 9 लाख रुपए जब्त

**बिलासपुर।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने संदिग्ध वाहनों पर सतत निगरानी रख रही है. तारबाहर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कार से 9 लाख पचास हजार रुपए जब्त किया है।



पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के निर्देश पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था और आगामी विधानसभा चुनाव 2023–2024 के मद्देनजर संदिग्ध वाहनों पर सतत निगरानी रखी जा रही है. जगह–जगह चेक पोस्ट और पेट्रोलिंग लगाकर वाहनों की तलाशी की जा रही है.

अतिरिक्त अधीक्षक राजेंद्र जायसवाल के निर्देशन, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप कुमार पटेल के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक संजीव ठाकुर ने व्यापार विहार मार्ग पर चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की सघन चेंकिंग की. वाहन चेकिंग के दौरान क्रेटा कार से 9,50,000 रुपए बरामद हुए, जिसके संबंध में वैधानिक जवाब नहीं मिलने पर उक्त रकम को जब्त किया गया. राज्य में विधानसभा चुनाव संपन्न होना है. इसके चलते धारा 102 जाफौ के तहत राशि जब्त की गई.

# नर हाथी के मौत के मामले में एक आरोपी गया जेल

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ वनमंडल क्षेत्र अंतर्गत मेंडरमार गांव के खेत में बिजली करेंट से नर हाथी की मौत होने के बाद से लगातार वन अमला जांच में जुटा हुआ था। आखिरकार बताया जा रहा है आज संबंधित आरोपी अरुण विश्वास के बयान मुताबिक वन विभाग द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी अरुण विश्वास को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।




जानकारी के मुताबिक बता दें, बीते दिनों धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत मेंडरमार गांव किनारे खेत में एक नर हाथी का शव मिला था। हाथी की मौत बिजली करंट से हुई थी, बता दे घटना दिनांक के आस–पास दो हाथियों का मॉनिटरिंग विभाग द्वारा लगातार किया जा रहा था। बहरहाल आरोपी को माननीय न्यायालय ने 14 दिनों के लिए रिमांड में भेज दिया है। विभाग की लापरवाही नहीं होने की वजह से विभागीय कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही संबंधित आलाधिकारियों द्वारा नहीं की गई है।

हालांकि घटना के बाद से विभाग और चौकन्ना और सतर्क हो गया है साथ ही क्षेत्र में हाथी आमद को लेकर लगातार अलर्ट जारी कर दिया गया है। ताकि किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना सामने न आए वही विद्युत विभाग के अधिकारी वनभूमि से लगे एवं अन्य क्षेत्रों के अवैध बिजली कनेक्शन पर सख्त जांच कार्यवाही में लगे हुए हैं।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी से सोनबला के ग्रामीणों ने मुलाकात की

### ग्रामीणों ने कर्नाटक में बंधक से मुक्त कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी से जिला पंचायत रायगढ़ की सदस्य विलास सारथी के नेतृत्व में बरमकेला विकासखंड के ग्राम सोनबला के ग्रामीणों ने सौजन्य मुलाकात की। ग्रामीणों ने कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी को कर्नाटक के किसी संस्थान से वापसी के लिए आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम सोनबला के किसी व्यक्ति के माध्यम से कर्नाटक के किसी संस्थान में मजदूरी के लिए करीब 27 लोग गए थे।



वहां के संस्थान द्वारा ग्रामीणों को बंधक बनाकर 24 घंटे मजदूरी कराने के लिए दबाव डाला जाता था। यह श्रम कानून के विरूद्ध कार्य था। जिला पंचायत रायगढ़ की सदस्य विलास सारथी ने विगत दिनों 27 लोगों को मुक्त कराने के लिए कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी से मुलाकात की थी।

# एडू की महिलाओं ने विधायक से की मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

क्षेत्र में एक ओर चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार तेज होता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर मुखर हो रहे हैं। इस कड़ी में मंगलवार को धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एडू गांव की महिलाओं ने विधायक लालजीत राठिया से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने ग्राम पंचायत से जुड़े मामलों के बारे में विधायक को अवगत कराया। महिलाओं ने शौचालय निर्माण कार्य की प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने की बात कही। उनके द्वारा गांव के बाजारपारा में सीसी रोड निर्माण की मांग की गई। जिस पर विधायक लालजीत ने दोनों विषयों पर जल्द संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया। इस सौजन्य मुलाकात के दौरान महिलाओं के साथ एडू के उपसरपंच भी मौजूद रहे।




## एक नजर

### भृत्य पद की संविदा भर्ती निरस्त

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय तथा अनुविभागीय अधिकारी रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों के लिए अस्थाई पदों की भर्ती हेतु जुलाई 2023 को विज्ञापन जारी किया गया था। यह 30 नवंबर 2023 तक के लिए भर्ती किया जाना था। इन पदों की भर्ती में सिर्फ भृत्य पद की संविदा भर्ती को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है।

### गला दबाकर की युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

**रायपुर** । ग्राम अछोली ग्रेवेटी कंपनी के पीछे दलदल जमीन में गला दबाकर मजदूर की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में उरला पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार उधम सिंह 46 वर्ष ने उरला थाना पुलिस को सूचना दिया कि ग्राम अछोली के ग्रेवेटी कंपनी के पीछे दलदल जमीन में एक युक की लाश पड़ी हुई है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्ती अवधराज सिंह 30 वर्ष निवासी ग्राम अछोली के रूप में की। जो कंपनी में मजदूरी करता है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जिससे पीएम रिपोर्ट आने पर खुलासा हुआ कि अवधराज सिंह का गला दबाकर हत्या की गई है। जिससे पुलिस ने मामले को जांच में लेकर आरोपी बली ड्क्षसह गोड़ 45 वर्ष और रामलाल सिंह 28 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### सूने मकान से नकदी सहित लाखों का सामान पार

**रायपुर** । नेचुरल सिटी भाठागांव स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 20 हजार सहित लाखों रुपए के सामान पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रेणु ठाकुर 45 वर्ष नेचुरल सिटी भाठागांव की रहने वाली है। बताया जाता है कि 10 से 11 सितंबर के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 20 हजार सहित सोने–चांदी के जेवर, टीवी व कम्प्यूटर सेट पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जमीन विवाद को लेकर युवक को पीटा

**रायपुर** । सुंदरनगर में जमीन विवाद को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली–गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अभ्यानंद नामदेव 42 वर्ष शोभ सिलिकोन ओवेसी अपार्टमेंट सिटी फेस 1 बेंगलोर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी सुंदरनगर आया था, तभी आरोपी अभिषेक नामदेव ने जमीन पर कब्जा कर लेने की विवाद पर गाली–गलौज कर प्रार्थी से मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग थाना क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

**रायपुर** । अलग–अलग थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोर ने दो नग दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेन्द्र कुमार किंगरानी 47 वर्ष ने उरला थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएल 8539 को बुधवारी बाजार स्थित देवांगन टीवी सेंटर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

### समस्या का निदान नहीं: डीएसपीएम के राखड़ बांध में काम बंद कर धरना पर बैठे प्रभावित

**कोरबा** । डा श्यामा प्रसाद ताप विद्युत संयंत्र डीएसपीएम के गोढ़ी राखड़ बांध से प्रभावित ग्रामीणों ने काम बंद करा धरना में बैठ गए। इस बीच राख परिवहन में लगे भारी वाहनों को भी रोक दिया गया। उनका कहना है कि प्रबंधन ने पत्र सौंपने के बाद भी समस्या का निदान नहीं किया गया। डीएसपीएम संयंत्र के लिए पंडरीपानी, गोढी व बेंदरकोना गांव की जमीन अधिग्रहित की गई है। जमीन देने वाले कई किसानों को अभी भी नौकरी नहीं मिली है और उनकी समस्या का समाधान हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधन को रोजगार एवं स्थानीय मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था।

## उप निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने बिलाईगढ़ क्षेत्र के 12 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

उप निर्वाचन अधिकारी प्रकाश कुमार भारद्वाज ने विधानसभा 43 बिलाईगढ़ के लगभग 12 मतदान केन्द्रों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में रैंप, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, मतदान भवन आदि का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जांच की। भारद्वाज ने सभी मतदान केन्द्रों से संबंधित अधिकारियों,कर्मचारियों को कहा




कि निर्वाचन की बुनियादी सभी कार्य जिसमें चाहे वो रैंप, विद्युत, शौचालय मतदान भवन हो, सभी का हमेशा सुदृढ़ व्यवस्था रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने बीएलओ और अन्य सहयोगी कर्मचारियों को कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की जानकारी की जरूरत होती है तो वे अपने उच्च अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी या जिला निर्वाचन कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ से संपर्क कर सकते हैं। कार्यालय से आपके समस्या का समाधान किया जाएगा।




# तीन सूत्रीय मांगों के समर्थन में नगर पंचायत प्लेसमेंट कर्मचारी अवकाश पर

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

**पूरे प्रदेश में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर हैं। जिसके समर्थन में नगर पंचायत धरमजयगढ़ के प्लेसमेंट कर्मचारी 12 से 16 सितंबर 2023 तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।**



जिसकी सूचना उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़, नगर पंचायत अध्यक्ष को दी है। जिसमें बताया की समस्त नगरीय निकायों के पलेसमेंट व ठेका कर्मचारी तीन सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। मुख्य मांग समस्त नगरीय निकायों से प्लेस्मेंट व ठेका प्रथा को समाप्त कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगरीय निकायों में समायोजन करना। समस्त नगरीय निकायों के प्लेसमेंट व ठेका कर्मचारियों का वेतन माह के 01 से 05 तारीख तक प्रदान करना, श्रम सम्मान निधि में बढ़ोत्तरी कर 4 हजार रूपए करना है। ठेकेदारों द्वारा प्लेसमेंट कर्मचारीयों के वेतन से काटी गई पीएफ की राशि जो वर्तमान तक कर्मचारीयों के खाते में जमा नहीं की गई है उसे ब्याज सहित कर्मचारीयों के खाते में शीघ्र जमा कराया जावे।

नगरीय निकायों में कार्यरत किसी भी प्लेसमेंट कर्मी को सेवा से पृथक न किया जाये एवं प्रतिदिन 8 घण्टे से अधिक कार्य करवाने पर रोक लगाई जाये। उक्त मांगों के समर्थन में पांच दिवसीय हड़ताल में सभी प्लेसमेंट कर्मचारी शामिल रहेंगे। बता दें कि इनके अवकाश पर रहने से नगरीय क्षेत्र में साफ–सफ ई, बिजली, पानी सहित कई तरह की सुविधाओं पर असर पड़ेगा।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in